ज्ञानामृत

भय से तब तक ही डरना चाहिये जब तक भय (पास) न आया हो। आये हुए भय को देखकर बिना शंका के उस पर प्रहार करना चाहिये।

▶▶ पंचतंत्र

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

www.vijaymat.com | रायपुर, बुधवार, 16 अप्रैल 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 101 | पेज- 08 | मूल्य- ₹2.00/-

राहत

## एसबीआई, बीओआई एवं एचडीएफसी बैंकों ने 0.25% ब्याज दरें घटाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक के वित्त वर्ष 2025-26 की अपनी पहली मॉनिटरी पॉलिसी बैठक में रेपो रेट घटाने का फैसला करने के बाद कई बैंकों ने भी इसका फायदा लोगों तक पहुंचाने के लिए रेट कट किए हैं। इसी कड़ी में भारतीय स्टेट बैंक ने भी ब्याज दर में कटौती की है। देश के सबसे बड़े लेंडर एसबीआई ने अपने ग्राहकों को फायदा पहुंचाते हुए अपनी उधारी दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती के बाद एसबीआई के मौजूदा और नए उधार लेने वाले ग्राहकों दोनों के लिए कर्ज लेना सस्ता हो जाएगा। इस नई कटौती के साथ एसबीआई की रेपो से जुड़ी उधारी दर (आरएलएलआर) 0.25 प्रतिशत कम होकर 8.25 प्रतिशत रह जाएगी। अप्रैल में रिजर्व बैंक ने एमपीसी की बैठक के बाद ऐलान किया था कि रेपो रेट को 0.25% से घटाकर 6% कर दिया जाएगा।




### एचडीएफसी-बीओआई बैंकों ने भी घटाईं दरें

स्टैट बैंक ऑफ इंडिया के अलावा निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंकइ ने बचत खातों पर ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 2.75 प्रतिशत कर दिया है, जो निजी क्षेत्र के अन्य बैंकों में सबसे कम है। वहीं, पब्लिक सेक्टर बैंक बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी 400-दिवसीय विशेष जमा योजना वापस ले ली है, जिसमें 7.3 प्रतिशत ब्याज मिलता था। मुंबई स्थित बैंक ऑफ इंडिया ने अपने आवासीय कर्ज की ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है, जिससे नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों को लाभ होगा।

आदेश

## अस्पताल से नवजात की तस्करी होने पर रद्द हो लाइसेंसः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाल तस्करी को लेकर सख्त आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि अगर अस्पताल से नवजात गायब होते हैं तो अस्पताल का लाइसेंस रद्द कर दिया जाए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सभी निचली अदालतों को बाल तस्करी से जुड़े मामलों की सुनवाई छह महीने में पूरी करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी के मामलों से निपटने के तरीके को लेकर भी उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की। ऐसे अपराध रोकने के लिए राज्यों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि देशभर के हाईकोर्ट में बाल तस्करी के कितने मामले लंबित हैं, इसकी जानकारी दी जाए। इसके बाद छह महीने में मुकदमे को पूरा करने और दिन-प्रतिदिन सुनवाई करने के निर्देश जारी किए जाएंगे।



### किसी भी प्रकार की लापरवाही को पीठ की अवमानना माना जाएगा

सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी के मामलों से निपटने के लिए सख्त निर्देश जारी किए। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई नवजात शिशु चोरी होता है तो अस्पतालों का लाइसेंस रद्द कर दिया जाना चाहिए। यदि कोई महिला अस्पताल में बच्चे को जन्म देने आती है और बच्चा चोरी हो जाता है, तो पहला कदम लाइसेंस निलंबित करना होना चाहिए। पीठ ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा तथा इसे न्यायालय की अवमानना माना जाएगा।

खुलासा

## वक्फ कानून के खिलाफ बंगाल में हुई हिंसा में बांग्लादेशी उपद्रवियों का हाथ

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में नए वक्फ कानून को लेकर लेकर भड़की हिंसा के मामले में गृह मंत्रालय को शुरुआती जांच की जानकारी दी गई है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, हिंसा में कुछ बांग्लादेशी उपद्रवियों की संलिप्तता के संकेत मिले है। हालांकि हिंसा के बाद जंगीपुर, धुलियान, सुती और शमशेरगंज जैसे संवेदनशील इलाकों में बीएसएफ, सीआरपीएफ, राज्य सशस्त्र पुलिस और आरएएफ के जवान तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 48 घंटों में इन इलाकों में कोई नई हिंसा की घटना नहीं हुई है और स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। बता दें कि तनाव की खबरों के बीच बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी रवि गांधी ने भी प्रभावित इलाकों का दौरा किया और राज्य पुलिस के साथ मिलकर इलाके में गश्त बढ़ाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की रणनीति पर चर्चा की।



### भांगर में भी वक्फ कानून को लेकर तनाव

इसी बीच, दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर इलाके में भी वक्फ अधिनियम को लेकर सोमवार को हिंसा देखने को मिली। इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के समर्थकों ने पुलिस के साथ झड़प की, जिसमें कई लोग घायल हो गए। कुछ पुलिस वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचा। गौरतलब है कि पुलिस ने आईएसएफ समर्थकों को उनके नेता और विधायक नौशाद सिद्दीकी की रैली में शामिल होने से रोकने की कोशिश की, जिसके चलते ये झड़प हुई।

## न्यूज इन शॉर्ट

### सहारा ग्रुप की 1460 करोड़ की जमीन ईडी ने की कुर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय, कोलकाता ने सहारा इंडिया और उसके समूह की संस्थाओं के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत लोनावाला के आंबी वैली सिटी और उसके आसपास की 707 एकड़ जमीन को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। इस जमीन का अनुमानित बाजार मूल्य 1460 करोड़ रुपये है। यह जमीन बेनामी प्रॉपर्टी के तहत खरीदी गई थी। इसमें सहारा समूह की संस्थाओं से प्राप्त धन का इस्तेमाल किया गया था। जमाकर्ताओं को धन जमा करने के लिए धोखा दिया गया। उन्हें सहमति के बिना धन को फिर से जमा करने के लिए मजबूर किया गया था। लोगों ने कई बार परिपक्वता भुगतान की मांग की, लेकिन जमाकर्ताओं को परिपक्वता भुगतान से वंचित कर दिया गया।




### अयोध्या में राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या के राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। 14 अप्रैल (सोमवार) की रात राम जन्मभूमि ट्रस्ट को एक ई-मेल आया था। इसमें लिखा है- बढ़ा लो मंदिर की सुरक्षा। ट्रस्ट के अकाउंट अफसर महेश कुमार ने मंगलवार को पुलिस की साइबर सेल में केस दर्ज कराया है। धमकी मिलने के बाद जन्मभूमि परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बलों की गश्त बढ़ा दी गई है। इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली को एक्टिव किया गया है। पुलिस ने मंदिर के पास सर्च ऑपरेशन चलाया। वहीं, बाराबंकी, चंदौली और अलीगढ़ समेत कई जिलों के जिलाधिकारियों को भी धमकी भरा ई-मेल आया है। इसमें ष्ठरूऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये सभी मेल तमिलनाडु से भेजे गए हैं।यह तस्वीर रामपथ की है।



### श्रेयस अय्यर ने जीता आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार

**दुबई, एजेंसी।** भारत के स्टाइलिश बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को मार्च 2025 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार के लिए चुना गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अय्यर को चैंपियंस ट्रॉफी की पांच पारियों में 48.60 की औसत और 79.41 की स्ट्राइक रेट के साथ 243 रन बनाने पर इस पुरस्कार के लिए चुना। उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पछाड़ते हुए यह सम्मान हासिल किया है। अय्यर ने दूसरी बार यह पुरस्कार अपने नाम किया है। इससे पहले उन्होंने साल 2022 के फरवरी महीने में भी यह पुरस्कार जीता था। अय्यर के इस पुरस्कार जीतने के साथ ही भारतीय खिलाडियों ने लगातार दो बार यह पुरस्कार जीता है। इससे पहले फरवरी में शुभमन गिल ने यह पुरस्कार जीता था।



### गुजरात से संगठन सृजन अभियान शुरू करेंगे राहुल गांधी

**अरवल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को गुजरात के अरावली जिले के मोडासा क्षेत्र में 'संगठन सृजन अभियान' का शुभारंभ करेंगे। इसका उद्देश्य जिला कांग्रेस समितियों को सशक्त बनाकर पार्टी के संगठन को मजबूत बनाना और जवाबदेही की एक नई प्रणाली शुरू करना है। पार्टी के अभियान की शुरुआत करने के लिए राहुल गांधी गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। यह पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के 2025 को 'संगठनात्मक सुधारों का वर्ष' बनाने के आह्वान के अनुरूप एक कार्यक्रम है। वहीं एक हफ्ते पहले अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) और अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) की बैठक के दौरान भी इस प्रतिबद्धता को दोहराया गया था।



मोर दुआर-साय सरकारः मुख्यमंत्री की सरलता देख जनता हुई कायल

# घर-घर पहुंच मुख्यमंत्री साय पूछ रहे जनता की कुशलक्षेम

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को बस्तर जिले के ग्राम घाटपदमपुर से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए प्रदेशव्यापी मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री इस दौरान उन्होंने घाटपदमपुर के कई हितग्राहियों के घर पहुंचकर स्वयं सर्वेक्षण किया। मुख्यमंत्री के गांव पहुंचने पर ग्रामीण काफी उत्साहित नजर आए। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को पक्का और सुरक्षित घर प्रदान करना है। इस क्रम में सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरा किया जाएगा, ताकि हर जरूरतमंद को योजना का लाभ मिले। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वेक्षण के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर 15 दिवसीय मोर दुआर-साय सरकार महाभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के ऐसे ग्रामीण परिवारों की पहचान करना है, जिन्हें अब तक किसी भी आवासीय योजना के तहत पक्का आवास नहीं मिल सका है। उन्हें पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराना है।



### साय ने देखी मकानों की स्थिति...

मुख्यमंत्री साय ने ग्राम घाटपदमपुर आयोजित कार्यक्रम में स्वयं लाभार्थियों से चर्चा करते हुए उनके मकान की स्थिति जानी और नवनिर्मित घरों को देखकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने ग्रामवासियों से सीधा संवाद करते हुए यह भी कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई भी परिवार बिना पक्के मकान के न रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण के माध्यम से जो भी पात्र परिवार सामने आएंगे, उन्हें शीघ्रातिशीघ्र योजना में सम्मिलित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने किया पात्र परिवारों का सर्वे

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जब हितग्राही शिलोमणि एवं करुणा कश्यप के घर पहुंचे तब परिवारजनों ने उनका परंपरागत रूप से आत्मीय स्वागत किया। शिलोमणि कश्यप ने बताया कि उनके परिवार में कुल पांच सदस्य हैं। पति हरिसिंह, बेटा अभिनव जो 9वीं कक्षा में पढ़ता है, बेटी अनुप्रिया (8वीं कक्षा) और छोटा बेटा अभिषेक जो तीसरी कक्षा में है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार वर्षों से पक्के मकान का सपना देख रहा था, जो अब इस योजना के तहत पूरा होता नजर आ रहा है।

आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत का आह्वान

## समाज में फैली असमानता को खत्म करने तय हो समय सीमा

**कानपुर, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने सामाजिक असमानता को खत्म करने के लिए समय सीमा तय करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष में समरसता का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाएगा और जाति छुआछूत मुक्त भारत बनाने के लिए तेजी से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हर जाति ने देश के उत्थान में योगदान दिया है। समाज में जाति और छुआ-छूत के आजादी के इतने वर्षों बाद भी खत्म न होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मंगलवार को इसकी समय सीमा तय करने की बात कही कि कब तक सामाजिक विषमता को खत्म किया जा सकेगा। वह कारवालो नगर स्थित संघ कार्यालय केशव भवन में पांच दिवसीय प्रवास पर आए हुए हैं। बैठक में क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रांत प्रचारक श्रीराम, प्रांत संघ चालक भवानी भीख तिवारी, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. अनुपम, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राजेंद्र सिंह, सह प्रांत प्रचारक मुनीश सहित प्रांत के 21 जिलों के जिला समरसता प्रमुख तथा विभाग समरसता प्रमुख उपस्थित रहे।



### सभी जातियों ने दिए हैं महापुरुष : भागवत

मोहन भागवत ने कहा कि ऐसी कोई जाति नहीं है, जिसने देश के उत्थान में या देश पर आए संकट के दौरान संघर्ष करके योगदान न दिया हो। सभी जातियों ने महापुरुष भी दिए हैं। ग्रामीण परिवेश में छुआ-छूत की बड़ी समस्या पर उन्होंने साफ कहा कि श्मशान, मंदिर और जलाशय पर हिंदू समाज की सभी जातियों का समान अधिकार है।

### गांव-गांव जाकर समरसता का संदेश लोगों को देना है

संघ प्रमुख ने शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम में समरसता को जोड़ते हुए कहा कि संघ का साहित्य लेकर हम गांव-गांव जाने वाले हैं। हमें गांव-गांव जाकर समरसता के संदेश को देना है। हम कितने समय में इस सामाजिक विषमता को समाप्त कर सकेंगे, इसके लिए एक लक्ष्य तय करना होगा। इसके साथ ही हमें समतायुक्त, शोषणमुक्त, जातिविद्वेष मुक्त भारत बनाना होगा। इसके लिए हम सभी को बहुत तेजी से कार्य करना है। संघ प्रमुख भागवत ने पदाधिकारियों से कहा कि समरसता संघ की गतिविधि ही नहीं संघ के स्वयंसेवक का स्वभाव है।

## नेशनल हेराल्ड केस में ईडी ने दायर की चार्जशीट, सोनिया-राहुल के भी नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी चार्जशीट दायर कर दी है। इस चार्जशीट में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ-साथ सैम पित्रोदा और सुमन दुबे का नाम भी शामिल है। यह चार्जशीट दिल्ली के राउज ऐवेन्यु कोर्ट में दायर की गई है। ईडी की जांच में दावा किया गया है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की कंपनी यंग इंडियन ने एसोसिएट जर्नल प्रेस लिमिटेड की 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्तियों को सिर्फ 50 लाख रुपये में हासिल किया था। ईडी का कहना है कि यह एक तरह की धोखाधड़ी थी और इसमें 988 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की गई। इस मामले की सुनवाई दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में 25 अप्रैल को होगी। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा आरोपपत्र दाखिल करने के बाद जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस और उसके नेतृत्व को चुप नहीं बैठेगा।



### शिकार के गुर सिखाती मां...



**विजय मत, ब्यूरो सीधी।** जंगल में खूंखार जानवर अपने बच्चों को जीवित रहने और शिकार करने की ट्रेनिंग देते हैं लेकिन अमूमन ऐसे वीडियो कम ही सामने आते हैं। सीधी के संजय टाइगर रिजर्व की वस्तुआ रेंज में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला। यहां बाघिन टी-28 अपने शावकों को शिकार के गुर सिखाते नजर आई।

## 1577 अंक उछलकर 76,734 के स्तर पर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी भी 23,300 के पार

**मुंबई, एजेंसी।** मंगलवार को शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। आज दिनभर सेंसेक्स 1600-1700 के बीच कारोबार करता नजर आया। सेंसेक्स 1577 अंक चढ़कर 76,734 के स्तर पर, जबकि निफ्टी 500 अंक उछलकर ये 23,328 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स करीब 1700 अंक (2.22प्रतिशत) से ज्यादा चढ़कर 76,850 के स्तर पर और निफ्टी में भी 500 अंक (2.24प्रतिशत) से ज्यादा की तेजी रही। ये 23,350 के स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में तेजी रही। इंडसइंड बैंक करीब 7प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स 4प्रतिशत, टाटा मोटर्स 4.4प्रतिशत, लार्सन एंड टुब्रो 4.25प्रतिशत और एक्सिस बैंक करीब 4% ऊपर कारोबार कर रहे थे।

## क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे सचिव की हार्ट अटैक से मौत

**विजय मत, ब्यूरो कोरबा**

कोरबा में हड़ताल पर बैठे सचिव की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। सचिव की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार को चुनावी वादों की याद दिलाने सचिव क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे थे, जिसमें शासकीयकरण प्रमुख मांग है। जानकारी के मुताबिक सचिव की अचानक बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें विनायक हॉस्पिटल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक राजकुमार कश्यप कुटेलामुंडा में सचिव के पद पर पदस्थ थे। वे उड़ता गांव के रहने वाले थे, जहां उनकी पत्नी और बच्चे हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं सचिवों में आक्रोश है।



विजय मत एंकर | इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 में दी गई जानकारी, मौजूदा जजों पर पड़ रहा बोझ

## देश में हर 10 लाख की आबादी पर सिर्फ 15 जज, हाईकोर्ट में 33% पद खाली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में हर 10 लाख लोगों पर सिर्फ 15 जज हैं, जबकि कानून आयोग ने 1987 में हर 10 लाख लोगों पर 50 जज होने की सिफारिश की थी। यह जानकारी मंगलवार को जारी इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 140 करोड़ की आबादी के लिए सिर्फ 21,285 जज हैं, यानी औसतन 15 जज प्रति दस लाख जनसंख्या। यह आंकड़ा कानून आयोग की सिफारिशों से काफी कम है। इस रिपोर्ट में बताया गया कि देश के उच्च न्यायालयों में 33 प्रतिशत पद खाली हैं। हालांकि 2025 में रिक्तियों की दर 21 प्रतिशत बताई गई है। इससे मौजूदा जजों पर काफी काम का बोझ पड़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, जिला अदालतों में एक जज के पास औसतन 2,200 मुकदमों का बोझ है। वहीं, इलाहाबाद और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालयों में एक जज के पास 15,000 तक केस हैं।



### महिलाओं की भागीदारी बढ़ी, लेकिन अब भी कम

रिपोर्ट में बताया गया कि जिला अदालतों में महिला जजों की संख्या 2017 में 30' थी, जो 2025 में बढ़कर 38.3' हो गई। उच्च न्यायालयों में यह आंकड़ा 11.4' से बढ़कर 14' हुआ है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट में केवल 6' महिला जज हैं। देश के 25 उच्च न्यायालयों में से केवल एक में महिला मुख्य न्यायाधीश हैं। दिल्ली की जिला अदालतों में महिला जजों की संख्या सबसे अधिक 45' है और रिक्त पद केवल 11' हैं, जो सबसे कम हैं।

**अनुसूचित जाति और जनजातियों की हिस्सेदारी...** रिपोर्ट के मुताबिक, जिला अदालतों में केवल 5% जज एसटी से और 14% जज एससी से हैं। वहीं, 2018 से अब तक उच्च न्यायालयों में 698 जज नियुक्त किए गए, जिनमें से केवल 37 जज एससी और एसटी वर्ग से हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की हिस्सेदारी 25.6% बताई गई है।

### न्यायपालिका पर कम खर्च

रिपोर्ट के अनुसार, देश में प्रति व्यक्ति सालाना औसतन 182 रुपए न्यायपालिका पर खर्च किए जाते हैं, जबकि कानूनी सहायता पर सिर्फ 6.46 रुपए। कोई भी राज्य अपनी कुल सालाना खर्च का एक फीसदी भी न्यायपालिका पर खर्च नहीं करता, जो गंभीर चिंता का विषय है।

**मुकदमों की सूची लंबित...** रिपोर्ट में कहा गया है कि कर्नाटक, मणिपुर, मेघालय, सिक्किम और त्रिपुरा को छोड़कर, बाकी सभी उच्च न्यायालयों में हर दो में से एक मामला तीन साल से अधिक समय से लंबित है। कुछ राज्यों जैसे बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, यूपी, ओडिशा और प बंगाल की जिला अदालतों में 40% से ज्यादा केस तीन साल से लंबित हैं।

कार्यालयः ■ रायपुर ■ दुर्ग ■ बिलासपुर ■ राजनांदगांव ■ सरगुजा ■ धमतरी ■ बस्तर ■ जांजगीर-चांपा ■ भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी

## न्यूज इन शॉर्ट

### शहर में खुलेआम घूम रहा था जिलाबदर आरोपी, पुलिस ने दबोचा

धमतरी। पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने गुंडा बदमाशों के उपर नजर रख कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं। इसी तारतम्य में थाना कोतवाली को मुखबिर से सुचना मिली की थाना सिटीकोतवाली धमतरी क्षेत्र का जिला बदर एवं निगरानी बदमाश सूरज उर्फ सूरजभान निषाद पिता नन्दू राम निषाद उम्र 51 वर्ष साकीन स्कूल चौक के पास दानीटोला धमतरी,थाना कोतवाली धमतरी क्षेत्र के गोकुलपुर चौक में बिना अनुमति के प्रवेश कर घूम रहा है,की सुचना पर थाना सिटी कोतवाली टीम द्वारा बदमाश को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया,बदमाश के पास धमतरी जिला में प्रवेश करने संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं था,जो आरोपी को थाना सिटी कोतवाली में धारा 223 बीएनएस0 एवं छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 15 के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है। उक्त आरोपी को दिनांक 19/11/24 को जिला दंडाधिकारी धमतरी के द्वारा जिलाबदर की कार्यवाही की गई थी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरी.राजेश मरई,प्रआर. रवि जगने,आरक्षक युवराज ठाकुर,कृष्णा पाटिल, सुरेंद्र डडसेना, रुपेश रजक का विशेष योगदान रहा।

### गंभीर जल संकट से जूझ रहे रेलवे बस्तीवासी

भिलाई ।भिलाई नगर रेलवे स्टेशन की बस्ती में लोग गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। यहां के सारे बोर सूख चुके हैं और नल भी खराब हैं। करीब 4 हजार की आबादी हफ्ते भर से पानी को लेकर परेशान हैं। स्थानीय मोहल्लेवासियों के मुताबिक निगम का टैंकर आता है तो यहां पानी के लिए मारामारी मच जाती है।यहां के रहवासी सुलोचना सोनानी, वर्षा सोनानी, खिरो जाल, दिव्या जाल, बेला बाई, नुनकी, पूनम महतो, सीमा महतो, मीना बघेल, लक्ष्मी सोनानी, मंजू बाघ, गुढ़ी दीप, शीला, पुष्पा निषाद, प्रीति, निधि, ममता, विमला निषाद ,कंचन बाई, कुंती बाई, रीता देवी, आर. वरलक्ष्मी, रीता साहू, सरिता सोनकर, शिववती, रानी, सरिता, ऋतु और रेणुका का कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगा चुके हैं लेकिन अभी तक राहत नहीं मिली है। लोगों ने निगम प्रशासन से राहत दिलाने की मांग की है।

### ऑनलाइन सट्टा वसूली करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। थाना तोरवा पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत ऑनलाइन सट्टा खेलवाने वालों पर करारी चोट करते हुए एक बड़े खाईवाल की रकम वसूली करने वाले आरोपी को धरदबोचा है। आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, 1,50,320 रुपए नकद और सट्टे से संबंधित लेनदेन का रजिस्टर और बुलेट वाहन बरामद किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी में योगेश बोधवानी 25 वर्ष, निवासी शनिचरी बाजार, बाल्मीकि चौक है। आरोपी के खिलाफ धारा 7(1) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 तथा धारा 112(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि तितली चौक के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी योगेश बोधवानी को रंगे हाथों पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह आईपीएल क्रिकेट मैच चेन्नई सुपर किंग्स बनाम लखनऊ सुपर जॉइंट्स के दौरान ऑनलाइन सट्टा खेलने वाले बड़े खाईवालों की रकम वसूलने आया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसने घर पर बड़ी मात्रा में सट्टे की रकम छुपा कर रखी है। आरोपी को साथ लेकर पुलिस टीम उसके निवास स्थान पहुंची, जहां से 7.38 लाख नकद और अन्य सामान बरामद किया गया।

### ग्राम तरहूल का दो दिवसीय देव मेला 20 अप्रैल से

भानुप्रतापपुर। ग्राम तरहूल का दो दिवसीय देव मेला 20 व 21 अप्रैल को रहेगा। ग्रामवासियों के मनोरंजन के लिए रात्रि में लोककला मंच का कार्यक्रम रखा गया है।पंडित यशवंत तिवारी ने बताया कि बस्तर संभाग में देव मेला लगने की प्रथा वर्षों से चली आ रही है।

#### व्यवस्था में सुधार के निर्देश, मरीजों को बेवजह रेफर न करें: अन्यथा कार्रवाई होगी

# सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं :कलेक्टर मिश्रा

विजय मत, ब्यूरो धमतरी ।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार के पहले चरण में मिले आवेदनों को जल्द से जल्द पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इसके लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने कहा, ताकि जल्द से जल्द प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसे गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड के लिए भूमि चिन्हांकित करने कहा। उन्होंने साफ तौर पर हिदायत दी है कि बेवजह मरीजों को रेफर ना करें, अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने मगरलोड के एनआरसी शिफ्टिंग की जानकारी भी ली। इसके साथ ही विकासखण्डों के चिकित्सालयों में सीएससी खोलने कहा और इसकी जानकारी लोगों को




मिल सके, इसके लिए बैनर भी चस्पा करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीणों के लिए निस्तारी हेतु जलाशयों से तालाबों में पानी भरने की जानकारी ली और लाईनिंग का काम गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा में करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने हैंण्डपम्पों की मरम्मत और कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की बात कही। कलेक्टर श्री मिश्रा ने धरती आबा के तहत आने वाले गांवों को शत-प्रतिशत सेचुरेट करने के लिए कृषि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पशुपालन, मछलीपालन सहित अन्य विभागों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए, ताकि शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने इसमें एक ही क्लस्टर के गांवों को शामिल करने कहा। उन्होंने धरती आबा के तहत छूटे गांवों को जोड़ने के लिए भी पत्र प्रेषित करने कहा।कलेक्टर मिश्रा ने मुख्य सड़कों को बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने और लागत के बारे में लोक निर्माण विभाग से जानकारी ली। उन्होंने नगरी के कर्णेश्वर, सोरम-भटगांव-बेन्द्रानवागांव और गंगरेल मार्ग के भी प्रस्ताव तैयार करने कहा। इसके अलावा बजट में जुड़े सभी कामों की जानकारी कलेक्टर ने ली। उन्होंने मैदानी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के निरीक्षण की नियमित जानकारी प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत पांच साल से अधिक हो चुके सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नगरनिगम क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कार्य कराने, गोकुलनगर के लिए स्थान चिन्हांकित करने और किसी एक कॉलोनी को पीएम सूर्यघर योजना में चयनित कर योजना से जोड़ने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।उन्होंने जिले में चल रहे राजस्व पखवाडों के दौरान मिलने वाले आवेदनों के निराकरण करने कहा। जिले की बड़ी पंचायतां में ग्रामीण विस्तार अधिकारी, पटवारी, सचिव और सीएससी संचालक को बैठने कहा, ताकि ग्रामीणां के सभी काम एक ही स्थान पर हो सके।ट

### सरकारी आवासों पर हो रहा बेजा कब्जा

नारायणपुर। जिला बनने उपरांत नारायणपुर जिला मुख्यालय में कई तरह के सरकारी ऑफिस का संचालन किया गया जिसमें सरकारी कर्मचारियों के रहने हेतु प्रशाशन द्वारा सरकारी आवास नव निर्मित बनाया गया लेकिन नारायणपुर शहर में जिला बनने से पहले ही जो सरकारी आवास में सरकारी कर्मचारी निवास करते थे उनकी सुध लेने का काम जिला प्रशाशन द्वारा नहीं किया गया जिसके कारण करोड़ो रुपए की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर या तो निर्माण करवाया गया है या तो सरकारी कर्मचारी द्वारा कब्जा कर लिया गया है।कई सरकारी कर्मचारी तो ऐसे है जिनका रिटायरमेंट भी संबंधित विभाग से हो गया है पर अभी भी सरकारी आवास पर कब्जा कर बैठे है।आकलन किया जाय तो करोड़ों की भूमि नारायणपुर में सरकारी नौकरियों के दौरान काम करने वाले कर्मचारी की निकलेगी जिसमें सरकारी आवास को ध्वस्त कर अपना मकान बना लिया गया है या तो फिर कब्जा कर लिया गया है,प्रशासन की इस अनदेखी के चलते सरकारी कर्मचारी को मजबूरन किराया का मकान लेने विवश होना पड़ रहा है, ?

## समाधान शिविर, मोर दुआर-साय सरकार के विषय में कलेक्टर ने बैठक ली

विजय मत,ब्यूरो महासमुंद।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सोमवार को सभी जिला अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार,समाधान शिविर, मोर दूआर साय सरकार, आवास प्लस प्लस सर्वेक्षण आदि की तैयारी की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे। सभी जनपद, नगरीय निकाय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। इस अभियान में सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल प्रारंभ होने




वाले मोर दूआर साय सरकार की तैयारी की समीक्षा की गई । उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रारंभ होने वाले आवास प्लस प्लस सर्वे के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत शिविरों के आयोजन में किसी तरह की लापरवाही न हो। सभी अधिकारी दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन गंभीरता पूर्वक करें।30 अप्रैल तक चलने वाले मोर द्वार साय सरकार विशेष पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) योजना के क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 30 अप्रैल तक ह्यमोर दुआर-साय सरकार महाअभियान के अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन शुरू किया जाएगा। इस पखवाड़ा का उद्देश्य स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं पूर्व की आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ देना है।

## 29 किलोमीटर साइकलिंग कर नदियों को प्रदूषित होने से बचाने की अपील -सतीश द्विवेदी

विजय मत,ब्यूरो मनेंद्रगढ़

सतीश द्विवेदी के द्वारा 29 किलोमीटर साइकलिंग कर नदियों को प्रदूषित होने से बचाने की अपील की गई है। द्विवेदी के द्वारा मनेन्द्रगढ़ बेलबहरा नर्सरी के पास फिट इंडिया एंड सेव एनवायरमेंट अभियान अंतर्गत साइकिलिंग कर हसदेव नदी पहुंचकर एक वीडियो बनाया गया।उन्होंने बताया कि नदियां कैसे प्रदूषित हो रही हैं उनके द्वारा वीडियो के माध्यम से नदी में पड़े प्लास्टिक,पन्नी, थमाकोल के गिलास , प्लेट जैसी अन्य प्लास्टिक की चीजें देखी गईं।जिसके कारण नदी के ऊपरी सतह पर विषैले तेल जैसी लेयर



जमा हो रही है। उन्होंने बताया कि नदियों में लोग पिकनिक मनाने आते हैं और वहां पर पन्नी , प्लास्टिक, थमोकोल के ग्लास प्लेट आदि फेंक कर चले जाते हैं। सिंगल यूज्ड प्लास्टिक नदियों में जमा होने से न केवल जल प्रवाह को अवरुद्ध करता है बल्कि माइक्रो प्लास्टिक के रूप में विषैला जल इंसानों के साथ जलीय जीवों के लिए भी खतरनाक है ।लोग नदी के किनारे कचरा फेंकते हैं, जो बारिश में बहकर नदियों में मिल जाता है और नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में रुकावट से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है ।अत्यधिक जल प्रदूषण होने से रसायन यूट्रोफिकेशन को बढ़ाते हैं, जिससे नदियों में ऑक्सीजन की कमी होती है। पानी प्रदूषित होने से टाइफाइड एवं अन्य गंभीर रोग पैदा होते हैं साथ ही नदियों में जो जलीय जीवित प्रजातियां हैं,उनके भी अस्तित्व पर गंभीर संकट पैदा हो रहे हैं । नदी किसी क्षेत्र की जीवन रेखा होती है इन्हें बचाने के लिए सामूहिक प्रयास और सख्त नीतियां एवं नियम आवश्यक हैं। द्विवेदी के द्वारा अपील की गई कि नदियों में पन्नी, पॉलीथिन, प्लास्टिक से बनी हुई चीजों को बिल्कुल भी प्रवाहित न होने दें।

## जिला पंचायत सीईओ ने सुशासन तिहार क्रियान्वयन का किया अवलोकन

विजय मत,ब्यूरो मुंगेली।

कलेक्टर राहुल देव के निदेर्शानुसार जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय ने जनपद पंचायत लोरमी में सुशासन तिहार के क्रियान्वयन का अवलोकन किया और तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार से संबंधित गतिविधियों, विशेषकर आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री की प्रगति, संसाधनों की उपलब्धता तथा स्टाफ आदि के संबंध में चर्चा की और सभी आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, तहसीलदार श्री शेखर पटेल मौजूद रहे। गौरतलब है कि सुशासन तिहार अंतर्गत पहले चरण में 08 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन



प्राप्त कर लिया गया है। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा और तीसरे चरण में 05 मई से 31 मई तक प्रत्येक 08 से 15 पंचायतों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में आवेदकों को उनकी आवेदन की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। शिविर में विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं का आवेदन उपलब्ध कराया जाएगा।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बालोद, करकाभाट व भरदा में आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

विजय मत,ब्यूरो बालोद ।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम भरदा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02, बालोद विकासखण्ड के ग्राम करकाभाट एवं जिला मुख्यालय बालोद के वार्ड क्रमांक 20 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुँचकर आंगनबाड़ी के क्रियान्वयन का अवलोकन किया। उन्होंने वहाँ बच्चों की उपस्थिति, उनकों मिलने वाले भोजन, पेयजल आदि की



जानकारी ली। इस दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने आत्मीय बातचीत कर उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्र में मिलने वाले भोजन एवं नाश्ते के अलावा उनके मनोरंजन तथा पढ़ाई-लिखाई आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने बच्चों को दुलारते हुए उन्हें चॉकलेट भी प्रदान किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े के मधुर एवं आत्मीय व्यवहार से आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चे बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। इस दौरान श्रीमती राजवाड़े ने आंगनबाड़ी केन्द्र में उपलब्ध भोजन एवं अन्य खाद्य सामग्रियों का निरीक्षण भी किया। श्रीमती राजवाड़े ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को समय पर भोजन, नाश्ता आदि प्रदान करने तथा कुपोषण की रोकथाम हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के कर्मचारियों से चर्चा कर आंगनबाड़ी केन्द्र के बेहतर क्रियान्वयन हेतु भी आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर श्रीमती राजवाड़े ने बालोद विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र करकाभाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## सुशासन शिविर में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करें : कलेक्टर

विजय मत,ब्यूरो जशपुरनगर।

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री की घोषणा की विस्तार से समीक्षा किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी घोषणा के कार्य को प्राथमिकता से करना है और सुशासन शिविर में जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उन आवेदनों का समाधान कारक निवारण भी प्राथमिकता से किया जाना है। उन्होंने कहा कि लोगों के पेंशन, राशन, आय, जाति, निवास, दिव्यांग पेंशन, अधिक बिजली बिल की शिकायत, ट्रांसफार्मर की समस्या, लो वोल्टेज की समस्या सहित अन्य समस्याओं का



समाधान करने के लिए कहा है ।कलेक्टर व्यास ने राज्य शासन के निदेर्शानुसार ई डिस्ट्रिक्ट 2.0 में लोगों की सभी जरूरी सुविधाएं को लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाने के लिए कहा है। इस हेतु जिन विभागों के योजनाओं को लोक सेवा के माध्यम से आमजनों को पहुंचाया जा सकता है, उसकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा सभी कार्यालयों में मैनुअल का काम धीरे-धीरे बंद होगा। सभी कार्य ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन लिए जाएंगे और लोगों की समस्याओं का समाधान भी ऑनलाइन किया जाएगा। इसके लिए कार्यालय को पेपर लेंस बनाया जा रहा है। ताकि लोगों को अनावश्यक भटका न पड़े। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

**खास-खबर** सुशासन तिहार के आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के दिए निर्देश

## समय-सीमा बैठक में की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा

विजय मत,ब्यूरो कोंडागांव।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ संवेदनशीलतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी आवेदनों की शत-प्रतिशत प्रविष्टि पोर्टल पर सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के



आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री वय वंदना योजना की समीक्षा करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रगति लाने सीएमएचओ को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप समस्त राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। इसके अलावा कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, जनधन योजना तथा उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ह्यमोर दुआर साय सरकारह्न अभियान आज से शुरू हो रहा है, जो 30 अप्रैल तक चलेगा। शासन द्वारा सभी को आवास मिले, इसके लिए ह्यआवास प्लसह्न सर्वे में पात्रता के दायरे को बढ़ाया गया है, जिससे हर किसी के घर का सपना पूरा हो सके। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को आवास प्लस सर्वे का कार्य को अच्छे से करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही छूटने न पाए।

कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को जिले के समस्त आंगनबाड़ियों और स्कूलों में शौचालय तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि राज्य शासन के निदेर्शानुसार जल संचयन के लिए जिले में व्यापक अभियान चलाया जाना है। इसके तहत जिले के नागरिकों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करने, ग्राम पंचायतों में भूजल स्तर की जानकारी देने और वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जल संसाधन विभाग को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज इन शॉर्ट

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

रायपुर। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में दुर्गा चौक भाठागांव निवासी लखन सोनकर 27 वर्ष ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमयू 4667 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में लोधीपारा निवासी प्रदीप साहू 32 वर्ष ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी मेस्ट्रो क्रमांक सीजी 04 केडब्लू 7318 को हटकेश्वर मंदिर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं तीसरे मामले में ग्राम कुरा धरसींवा निवासी प्रार्थी उमंग रजक 24 वर्ष ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमजे 5478 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर। भनपुरी स्थित दुर्गा चौक गोवर्धन नगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 10 हजार सहित हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी केअनुसार प्रार्थी विरेन्द्र कुमार सिन्हा 32 वर्ष दुर्गा चौक गोवर्धन नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर व मोबाइल फोन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हेरोइन चिट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर। आमानाका पुलिस ने हेरोइन चिट्टा खपाने के लिए ग्राहक तलाशते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 12.69 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि काका ढाबा के पास दो युवक मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र सिंह 44 वर्ष और अमृतपाल सिंह 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 12.69 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 1 लाख 28 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप से लगवा रहे थे क्रिकेट पर दांव, रायपुर के 10 सटोरिए कोलकाता से गिरफ्तार

रायपुर। रायपुर के लाखेनगर, पुरानी बस्ती और शंकरनगर क्षेत्र के 10 सटोरिए महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के जरिए कोलकाता में बैठकर ऑनलाइन सट्टे का संचालन कर रहे थे कि रायपुर क्राइम ब्रांच की टीम ने दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर रायपुर लेकर पहुंची है, पूछताछ के बाद उन्हें कल न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इनसे बहुत बड़ी रकम की सीजर (जब्ती) की गई है। कुल रकम नहीं बताई जा रही है। आईपीएल मैचों के दौरान सक्रिय महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के माध्यम से रायपुर के लाखेनगर, पुरानी बस्ती और शंकरनगर क्षेत्र के सटोरिए कोलकाता में बैठकर ऑनलाइन सट्टे का संचालन कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर रायपुर क्राइम ब्रांच की टीम कोलकाता में दबिश देकर करीब 10 सटोरियों को गिरफ्तार कर रायपुर ले आई है और पूछताछ करने के बाद उन्हें कल न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में कंप्यूटर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में विजेता रहे अग्र बंधुओं का हुआ सम्मान

# लोगों की सेवा करने राजनीति में आएं अग्रबंधु : सांसद बृजमोहन

विजय मत, रायपुर।

अग्रवाल सभा रायपुर एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में नगरीय निकाय चुनाव में पूरे छत्तीसगढ़ से निर्वाचित हुए अग्रबंधुओं का मैक कॉलेज सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अग्रबंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रवाल समाज को बिजनेस के साथ सेवा का भी काम ज्यादा करना चाहिए इसके साथ ही राजनीति और सार्वजनिक पदों में अग्रवाल समाज के अग्रबंधुओं संख्या बढ़ाने का प्रयास करे ताकि आमजनों की सेवा करने का उन्हें मौका मिल सकें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल विधायक अंबिकापुर, संपत अग्रवाल विधायक बसना और राजीव अग्रवाल अध्यक्ष सीएसआईडीसी, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष कृष्ण



कुमार अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी द्वय योगी अग्रवाल और बिसंबर अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन के अलावा अन्य अग्रबंधु मौजूद थे।

इनका हुआ सम्मान

राजीव अग्रवाल, अध्यक्ष सीएसआईसी, नवीन अग्रवाल खरोरा अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, रमन अग्रवाल अध्यक्ष रामानुजगंज नगर पालिका, श्याम सुन्दर अग्रवाल अध्यक्ष नगर पालिका सक्ति, कमल गर्ग अध्यक्ष खरसिंया नगर पालिका, राकेश जालान अध्यक्ष पेंड्रा नगर पालिका, डाक्टर खूशबू अग्रवाल अध्यक्ष बसना नगर पंचायत, श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल अध्यक्ष थानखम्हरिया नगर पंचायत, कमलेश अग्रवाल अध्यक्ष सरिया नगर पंचायत, कपिल सिंघानिया अध्यक्ष लैलूंगा नगर पंचायत, नेहा सन्नी बंसल उपाध्यक्ष लखनपुर नगर पालिका, शैलेश अग्रवाल उपाध्यक्ष नगर पालिका सूरजपुर, अंबर अग्रवाल पार्षद एवं जोन अध्यक्ष रायपुर नगर निगम, कृतिका जैन पार्षद रायपुर नगर निगम, निलेश अग्रवाल पार्षद दुर्ग नगर निगम, अरुण अग्रवाल पार्षद खरसिंया, दीपक अग्रवाल पार्षद खरसिंया, दीपक कुमार अग्रवाल पार्षद खरसिंया, दीपा विकास अग्रवाल पार्षद सक्ति, गायत्री सचिन अग्रवाल पार्षद लखनपुर, सुनील अग्रवाल पार्षद राजपुर, मंजू बंसल पार्षद राजपुर, मंजू प्रदीप गोयल पार्षद सूरजपुर, मुकेश गर्ग पार्षद सूरजपुर, प्रमोद तायल पार्षद सूरजपुर, मनीष पार्षद पत्थलगांव, अजय अग्रवाल पार्षद पत्थलगांव, सुनीता अग्रवाल पार्षद पत्थलगांव, मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लैलूंगा, सविता नटवर अग्रवाल पार्षद लैलूंगा, तामेश अग्रवाल पार्षद कोरबा, संजय अग्रवाल पार्षद कटघोरा, पवन अग्रवाल नेताजी पार्षद कटघोरा, बजरंग पार्षद पेंड्रा, राजेश अग्रवाल पार्षद गौरेला, सुरेश गोयल पार्षद रायगढ़, सुभाष अग्रवाल पार्षद डभरा, विजय कुमार अग्रवाल पार्षद नैला, माधुरी संतोष अग्रवाल पार्षद अलकतरा विनिता पवन अग्रवाल पार्षद बसना,शिव नारायण अग्रवाल पार्षद अहिवारा, श्रीमती रेनू मयंक पार्षद सरसींवा, आशीश पार्षद नगर पालिका पिथौरा, नेहा सरवन अग्रवाल पार्षद राहौद, अनीता प्रदीप अग्रवाल पार्षद धमतरी, अंकित अग्रवाल पार्षद तखतपुर, वेंकट अग्रवाल पार्षद कोटा करगीरोड शामिल हुए।

जिन स्थानों से जनप्रतिनिधि निर्वाचित हुए हैं उन स्थानों के अग्रवाल सभा के अध्यक्ष और पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रवाल सभा एवं अखिल भारतीय सम्मेलन के सभी पदाधिकारियों के साथ युवा महिला युवती विंग का अहम योगदान रहा।

# वैदिक शिक्षा से एक लाख विद्यालयों को जोड़ा जाएगा

## आधुनिक शिक्षा देकर सनातन व नूतन का संगम से होगा भारतीयता का बोध

विजय मत,रायपुर।

भारतीय शिक्षा बोर्ड स्कूल शिक्षा का एक राष्ट्रीय बोर्ड है जिसे शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा विभाग के 03/02/2023 के पत्र क्र. एफ-11.-3/2016 के अनुसूची-3 द्वारा सम्बद्ध है। बोर्ड को ए.आई.यू. दिल्ली द्वारा सम्बद्धता प्रदान की गई है। भारतीय शिक्षा बोर्ड शिक्षा के क्षेत्र में सतत व्यापक व समग्र क्रांति है जिसका उद्देश्य भारत को शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाकर वर्षो से चली आ रही वैचारिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृति पराधीनता से मुक्त करना व भारत को विश्वपटल पर पुनः परम वैभवशाली विश्वगुरू पद पर प्रतिष्ठित करना है। इस देश का इतिहास रहा है कि इसने सदैव सभी क्षेत्रों में विश्व का नेतृत्व किया है।भारत स्वाभीमान ट्रस्ट एवं पंतजलि परिवार के राज्य प्रभारी संजय



अग्रवाल एवं प्रभारी, भारतीय शिक्षा बोर्ड, रायपुर छबिराम साहू ने पत्रकारवार्ता में बताया कि हमारा उद्देश्य शिक्षा के इस क्रांति के माध्यम से प्रारंभ में ही लगभग एक लाख विद्यालयों को जोड़कर उनको वैदिक शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा देकर सनातन व नूतन का संगम करके प्रत्येक विद्यार्थी में भारत का भारतीयता के बोध के साथ आत्म गौरव का भाव जगाकर पवित्र, चरित्र व व्यक्तित्व युक्त नेतृत्व का निर्माण करना है। जो विश्व नागरिक के रूप में तैयार होकर भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का नेतृत्व कर सके। भारतीय शिक्षा बोर्ड में बालवाटिका से बारहवीं कक्षा तक की शिक्षा स्तर में मानकीकरण, प्रबंधन, संघ, संबद्धता प्रमाणन, प्रमाणीकरण कार्यक्रम है। भारतीय शिक्षा बोर्ड के पाठ्य क्रम में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा जैसे- वेद, उपनिषद, दर्शन, गीता, पुराण का समावेश है। पाठ्यक्रम विषयों में संगीत, चित्रकला, नाटक, के साथ रट्टाकार पढ़ाई से मुक्ति व प्रेक्टिकल बेस पढ़ाई होगी।

# अब 30 अप्रैल तक जमा कर सकेंगे संपत्ति कर, नगरीय प्रशासन विभाग ने दी विशेष छूट

विजय मत,रायपुर।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय निकायों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के संपत्ति कर और विवरणी जमा करने के लिए 30 दिनों की विशेष छूट प्रदान की है। अब ये 30 अप्रैल तक जमा किए जा सकते हैं। राज्य शासन ने सभी कलेक्टरों, नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस संबंध में परिपत्र जारी किया है।नगरीय प्रशासन विभाग ने परिपत्र में कहा है कि नगरीय निकायों में संपत्तिकर तथा विवरणी जमा करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। इस वर्ष भी संपत्ति



कर तथा विवरणी जमा करने के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लोकसभा निर्वाचन कार्य, निकायों का परिसीमन कार्य, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तथा स्थानीय निकायों के निर्वाचन आदि में आचार संहिता भी प्रभावी रही। इन कार्यों में निकायों के अधिकारी-कर्मचारी भी संलग्न रहे। फलस्वरूप राजस्व आय संग्रहण की कार्यवाही प्रभावित हुई है।विभाग ने राजस्व संग्रहण के कार्यों के प्रभावित होने के मद्देनजर वर्ष 2024-25 के संपत्ति कर तथा विवरणी जमा करने के लिए अंतिम तिथि में 30 दिनों की विशेष छूट प्रदान करते हुए इसके लिए 30 अप्रैल 2025 की अंतिम तिथि निर्धारित की है। नगरीय प्रशासन विभाग ने परिपत्र के माध्यम से निकाय के कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर संपत्ति कर संग्रहण करने एवं नागरिकों को ऑनलाइन भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं।

विभाग ने सभी नगरीय निकायों में इनका अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कर संग्रहण के लिए किए गए कार्यों से शासन को अवगत कराने के भी निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक शहर के खुले गड्ढों को पाटने के निर्देश



विजय मत,रायपुर।

कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदन लेने की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। अब इन प्राप्त आवेदनों से प्राप्त समस्या का समाधान करें। गर्मी मौसम के मद्देनजर सभी पेयजल आपूर्ति का इंतजाम सुनिश्चित करें, बिगड़े हैंडपंप का सुधार कर लें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग गर्मी के मौसम के अनुसार दवाईयों का स्वास्थ्य केन्द्रों में व्यवस्था रखें। नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरूआत हो चुकी है।

शिक्षा विभाग इसके आधार पर अपनी कार्ययोजना बनाकर तैयारी पूर्ण करें।कलेक्टर ने कहा कि सभी नगरीय निकायों में और सभी ग्रामीण क्षेत्रों में सीवरेज, बोर या अन्य किसी कारण से गढ्ढे खोदे गए हैं तो उसे खुला ना छोडे या सुरक्षा के अन्य उपाय अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। बैठक में एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, डीएफओलोकनाथ पटेल, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जेसीआई मैक यूनाइटेड ने अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में आई एम द बेस्ट ट्रेनिंग सेशन का किया आयोजन

विजय मत,रायपुर।

जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड द्वारा आई एम द बेस्ट ट्रेनिंग सेशन का आयोजन महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में किया गया। इस विशेष ट्रेनिंग का संचालन इंटरनेशनल प्राइम ट्रेनर, पीपीपी जेएफआर राजेश अग्रवाल जी ने किया, जिन्होंने अपनी प्रभावशाली शैली और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को जीवन और नेतृत्व के नए आयाम सिखाए।इस ट्रेनिंग में जीवन के 6 जरूरी पहलुओं झ सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक, मानसिक, आध्यात्मिक और शारीरिक क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखने की महत्ता को समझाया गया।लीडरशिप स्किल्स पर आधारित एक इंटरैक्टिव एक्टिविटी में सभी प्रतिभागियों को टीमों में बाँटकर पोस्टर और भाषण गतिविधि

**नेतृत्व की उड़ान भरते मैक यूनाइटेड के सितारे**



करवाई गई, जिससे उन्हें टीमवर्क, समय प्रबंधन और प्रभावी संवाद की शक्ति को समझने का अवसर मिला।ट्रेनर ने लीडर और फॉलोअर के बीच का अंतर भी बहुत सरल भाषा में बताया एक प्रोएक्टिव व्यक्ति स्वयं निर्णय लेकर आगे बढ़ता है, जबकि रिएक्टिव व्यक्ति केवल परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया देता है। इसके अलावा जब दूसरों को उठाओगे, तो खुद भी ऊपर उठोगे,और जब दूसरों को झुकाओगे, तो खुद भी झुक जाओगे जैसी बातें एक्टिविटी के साथ समझाई इसके साथ-साथ दैनिक जीवन में कामों के सही वितरण और कंट्रोल पावर बनाए रखने पर जोर दिया, यह भी कहा कि असफलता के बाद निराश नहीं होना चाहिए। बल्कि यह समझना चाहिए कि असफलता क्यों हुई और उसमें सुधार कैसे लाना है।इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में यूथ को अपने अंदर के हुनर को एक्टिविटी के माध्यम से बाहर लाने को मिला।

### ट्रेनर ने एक्शन प्लान पर जोर दिया

आई एम द बेस्ट में विनर बने अर्क पीयूष पांडे और रनर अप का अवार्ड मिला मीत पटेल को, बेस्ट पार्टिसिपेंट की विनर बनी खुशी अग्रवाल और बेस्ट पार्टिसिपेंट रनर अप बनी रिया यादव, बेस्ट स्पीकर का अवार्ड मिला अनय सोनी को और मोस्ट ऐक्टिव पार्टिसिपेंट बने अनंत दुबे

सेशन के दौरान ट्रेनर ने एक्शन प्लान पर जोर दिया सर्वेक्षण, विश्लेषण, योजना, कार्य और मूल्यांकन। ट्रेनर ने बताया कि यदि इन पांचों में से एक भी हिस्सा कमजोर हुआ, तो लक्ष्य तक पहुँचना मुश्किल हो सकता है।

# भाजपा सरकार के सवा साल में बस्तर बदहाल हो गया : बैज

विजय मत,रायपुर।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि राज्य में जब से डबल इंजन की सरकार बनी है बस्तर और बस्तर वासियों का शोषण शुरू हो गया है, बस्तर के आम आदमी रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर वर्तमान सरकार कोई काम नहीं कर रही है। बस्तर के लोगों के जीवन में परिवर्तन के लिये कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में जो काम शुरू किया था वर्तमान सरकार ने उन सारी योजनाओं को बंद कर दिया।उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिये शुरू की गयी शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना को बंद कर दिया। 65 से अधिक वनोपजों के



वेल्यू एडीशन काम को बंद कर दिया, बस्तर कनिष्ठ चयन बोर्ड की कार्यवाही बंद हो गयी, हाट बाजार क्लीनिक दम तोड़ चुकी है। कोदो, कुटकी, रागी की खरीदी बंद है। मलेरिया उन्मूलन अभियान दम तोड़ चुकी है। देश भर में चर्चित तथा बस्तर में रोजगार का प्रमुख साधन डेनेक्स भी बदहाल हो चुका है। पिछले सवा साल में 100 सें अधिक ग्रामीण फर्जी मुठभेंड़ में मारे गये। भाजपा के लिये बस्तर का मतलब शोषण का केंद्र मात्र है। सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठाने वालों को ही टारगेट किया जा रहा है। एक बार फिर से बस्तर के लोगों का लोकतांत्रिक अधिकार खतरे में है। हमारे जल, जंगल, जमीन हमारी संस्कृति पर सरकार और सरकार के पूंजीपति मित्रों की नजर लग चुकी है।

निर्वाचन

छत्तीसगढ़ के सामाजिक और मानवीय सेवा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा

# छत्तीसगढ़ में रेड क्रॉस सोसाइटी का नया अध्याय, राज्यपाल की पहल से हुआ चुनाव

विजय मत,रायपुर।

छत्तीसगढ़ के सामाजिक और मानवीय सेवा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा गया है। राज्यपाल रमेन डेका की प्रेरणादायी पहल पर पहली बार छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ है। यह कदम न केवल रेड क्रॉस सोसाइटी को नई दिशा देगा, बल्कि छत्तीसगढ़ के हर कोने में जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने में भी मील का पत्थर साबित होगा। छत्तीसगढ़ के गठन को 24 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए यह पहला मौका है जब लोकतांत्रिक तरीके से इसके पदाधिकारियों का चयन हुआ। इस ऐतिहासिक चुनाव ने पूरे राज्य में उत्साह की लहर पैदा कर दी है। रायपुर से लेकर दुर्ग, बिलासपुर से लेकर बस्तर तक, रेड क्रॉस से जुड़े स्वयंसेवकों और समाजसेवियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष टोमन साहू (बालोद), उपाध्यक्ष रूपेश पाणिग्रही (जशपुर) और कोषाध्यक्ष संजय पटेल (बलौदाबाजार) शामिल हैं। इन नेतृत्वकताओं से



अपेक्षा है कि वे छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी को समाजसेवा और मानवीय कार्यों में नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।राज्यपाल रमेन डेका ने रेड क्रॉस सोसाइटी को एक सशक्त और पारदर्शी संस्था बनाने का संकल्प लिया है। उनकी यह पहल न केवल संस्था को नई पहचान दे रही है, बल्कि इसे जन-जन तक पहुंचाने का भी मार्ग प्रशस्त कर रही है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और समावेशी बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न जिलों से योग्य प्रतिनिधियों का चयन हुआ। राज्यपाल ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी का उद्देश्य मानवता की सेवा करना है। यह चुनाव छत्तीसगढ़ में समाजसेवा के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी और स्वयंसेवक मिलकर जरूरतमंदों के लिए एक मजबूत सहारा बनेंगे।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना 4 अप्रैल 2001 को हुई थी। इसका मुख्यालय रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में स्थित है। विगत दो दशकों में यह संस्था आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं, और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही है। चाहे बाढ़ हो, सूखा हो, या महामारी, रेड क्रॉस के स्वयंसेवक हमेशा सबसे आगे रहकर लोगों की मदद करते हैं। संस्था का मूल मंत्र है- सेवा, सहायता, और समर्पण। इसके तहत रेड क्रॉस निम्नलिखित क्षेत्रों में सक्रिय है- बाढ़, भूकंप, या अन्य प्राकृतिक आपदाओं में राहत सामग्री और चिकित्सा सहायता प्रदान करना, स्वास्थ्य सेवाओं के तहत रक्तदान शिविर, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, और टीकाकरण अभियान, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना, सड़क सुरक्षा, जागरूकता अभियान और प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, कमजोर समुदायों की सहायता, आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, और आजीविका के लिए सहयोग करना इस संस्था के प्रमुख कार्य हैं।बल्कि समाज में एकता और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। युवाओं में रेड क्रॉस के प्रति बढ़ती रुचि भी एक सकारात्मक संकेत है। संस्था समय-समय पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित करती है, जिसमें प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, और नेतृत्व कौशल सिखाया जाता है।

### छत्तीसगढ़ में रेड क्रॉस की उपलब्धियां

छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी ने कई मौकों पर अपनी सेवा की मिसाल कायम की है। कोविड-19 महामारी के दौरान स्वयंसेवकों ने ऑक्सीजन सिलेंडर, दवाइयां, और भोजन वितरण में अहम भूमिका निभाई। बस्तर और सरगुजा जैसे सुदूर क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से हजारों लोगों को लाभ पहुंचाया गया। इसके अलावा, रक्तदान शिविरों के जरिए हर साल सैकड़ों लोगों की जान बचाई जाती है। संस्था ने ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के लिए विशेष योजनाएं भी चलाई हैं। जैसे, बस्तर में महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण और सरगुजा में स्कूली बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम। ये प्रयास न केवल सामाजिक विकास को बढ़ावा देते हैं,

### नई चुनौतियां, नई संभावनाएं

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सामने कई चुनौतियां और अवसर हैं। छत्तीसगढ़ जैसे विविधतापूर्ण राज्य में हर जिले की अपनी विशेष जरूरतें हैं। रेड क्रॉस को हर गांव और हर जरूरतमंद तक पहुंचाना है। आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। पारदर्शिता और संसाधनों के बेहतर उपयोग से यह सुनिश्चित करना होगा

संस्थापक
**श्री रामसिपाही शुक्ल**

# अभिवादन से दीर्घजीवी होने का रहस्य

भारतीय संस्कृति में सभी धर्मशास्त्रकारों ने, ''अभिवादनशीलता'' को महान् धर्म और सदाचार का प्रमुख लक्षण बतलाया है। महाराज मनु ने अपनी स्मृति के प्रारम्भ में ही अभिवादनशील व्यक्ति को दीर्घायु, सद्विद्या, उत्तम यश और महान् बल पराक्रम की सहज ही प्राप्ति बतलायी है। मूलतः महर्षि मार्कण्डेयजी अभिवादनशीलता के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। उनमें विनय, नम्रता,शिष्टाचार, मर्यादा रक्षण, अभिवादनशीलता श्रेष्ठजन, वृद्धों तथा गुरूजन के प्रति आदर - बुद्धि, सेवाभाव आदि सद्गुणों का भण्डार भरा था, एवं नित्य विप्रों के अभिवादन करने से जो उन्हें आशीर्वाद प्राप्त हुआ, उसी से वे कालजयी महात्मा हुए तथा सदा - सदा के लिए अजर - अमर हो गये। अपने इस धर्माचरण से ऋषि मार्कण्डेयजी ने संसार में यह सन्देश दिया है कि '' अपने माता - पिता, गुरू तथा श्रेष्ठजन को सदा प्रणाम करना चाहिये और विनीत भाव से सदा उनका अभिवादन करना चाहिये। इससे दीर्घायु प्राप्त होती है और जीवन सफल हो जाता है।''इस बात के प्रमाणीकरण में पुराणों में एक कथा प्रसिद्ध है ऐसा वर्णन है कि जब मार्कण्डेय पांच वर्ष के थे, एक दिन वे अपने पिता महर्षि मृकण्डुजी की गोद में खेल रहे थे, उसी समय संयोग से एक महाज्ञानी मर्मज्ञ वहाँ आ पहुँचे और उन्होंने उस बालक के विशिष्ट लक्षणों को देखकर महर्षि मृकण्डु से कहा ''मुने! आपका यह बालक कोई सामान्य बालक नहीं है, यह दैवीगुणों से सम्पन्न है और इससे संसार का महान कल्याण होने वाला है। इसके शरीर में जो शुभ लक्षण हैं, ऐसे लक्षण किसी में हो तो वह अजर - अमर होता है, किन्तु इस बालक में एक विशेष लक्षण हैं , जिससे सूचित होता है कि आज के दिन से छः महीने होते ही वह मृत्यु को प्राप्त होगा। अतः आप आज, अब से ही इसके दीर्घ जीवन हेतु कार्य करें तथा इतना कह कर वे सिद्ध महात्मा चले गये। महात्माओं की भविष्यवाणी कभी भी मिथ्या नहीं होती है यह सोचकर महर्षि मृकण्डुजी ने मृत्यु टालने हेतु समय के पूर्व ही बालक का यज्ञोपवीत संस्कार कर दिया और कहा बेटा! तुम जिस किसी भी ब्राह्मण को देखना तब विनयपूर्वक प्रणाम करना।

### नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# कांग्रेस के परिवार विशेष की ईर्ष्या और अहंकार का शिकार होते रहे अंबेडकर



**रजनीश अग्रवाल**

> डॉ भीमराव अंबेडकर को संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के चयन रोकने, लोकसभा चुनाव में पराजित करने की रणनीति, सरकार से त्यागपत्र देने के लिए मजबूर करने से लेकर देहांत के दशकों बाद तक भारत रत्न न देने का अहंकारी एवं अड़ियल रवैया हो या उनकी जन्मभूमि सहित अन्य महत्व के स्थानों की उपेक्षा कांग्रेस की सरकारों और नेताओं के षड्यंत्र की पोल खोलती हैं। बाबा साहब के मूल्यों से तो कांग्रेस ने कभी अपनाया ही नहीं।

नेहरू जी बाबा साहब अंबेडकर को संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष नहीं बनाना चाहते थे। डॉ. एच.वी. हांडे अपनी पुस्तक आंबेडकर एंड मेकिंग ऑफ इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन में लिखते हैं कि जवाहरलाल नेहरू ने संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाने के लिए ब्रिटिश नागरिक आइवर जेनिंग्स का नाम सुझाया था. जब महात्मा गांधी ने नेहरू से कोई नाम सुझाने को कहा, तो उन्होंने आइवर जेनिंग्स का नाम आगे रखा. सरदार पटेल सहित कुछ लोगों ने इस सुझाव का विरोध किया, क्योंकि वे चाहते थे कि अध्यक्ष एक भारतीय हो। गांधी जी भी डॉ भीमराव अंबेडकर को अध्यक्ष बनाना चाहते थे। अंततः डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर को संविधान सभा की प्रारूप समिति का अध्यक्ष चुना गया। यह अहंकार और ईर्ष्या आज भी उजागर होती है।कांग्रेस के परिवार विशेष के मित्र और कांग्रेस की नीति निर्धारक सैम पित्रोदा जनवरी 2024 में सोशल मीडिया पर लिखते हैं की डॉ भीमराव अंबेडकर का संविधान बनाने में योगदान नहीं है, नेहरू जी का है। नेहरू नीत कांग्रेस ने यह षडयंत्र किया कि अंबेडकर निर्वाचित जनप्रतिनिधि न बन पाएं। 1952 के पहले लोकसभा चुनाव बॉम्बे नार्थ में कांग्रेस ने सभी हथखण्डे अपनाकर पूरे संसाधन झोककर उन्हें हराया । 1954 में महाराष्ट्र के भंडारा में उन्होंने उपचुनाव लड़ा क्योंकि यहाँ उनके अनुयाइयों की संख्या बहुत ज्यादा थी. किन्तु यहाँ भी कांग्रेस ने उनको जीतने नहीं दिया। देश यह तथ्य कैसे भूल सकता है कि अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान की मूल प्रस्तावना को ही आपातकाल में कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार में बदल दिया गया। वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के चलते उन शब्दों को ठूंस दिया गया, जिन पर संविधान सभा और अंबेडकर की कोई सहमति नहीं थी। संविधान के आधारभूत ढांचे से ही छेड़छाड़ की गई जोकि अंबेडकर के संविधान में अपेक्षित नहीं थी। यह परिवार विशेष अपनी ही सरकारों में स्वयं को भारत रत्न देता रहा लेकिन जिन अंबेडकर का योगदान संविधान के निर्माण से लेकर स्वतंत्र भारत की विभिन्न नीतियों को बनाने में रहा, जिन्होंने सामाजिक न्याय के मार्ग से समाज को जोड़ने के लिए अपना जीवन अर्पित कर दिया, जो दक्षिण एशिया के सर्वाधिक शिक्षित अध्येयता रहे, ऐसे बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया। जब 1990 में गैर कांग्रेसी सरकार आई तब डॉ भीमराव अंबेडकर को उनके योगदानों को लेकर भारत रत्न दिया गया। क्या यह कांग्रेस का बाबा साहब के प्रति भेदभाव और अपमानजनक रवैया नहीं था ?



ईर्ष्या की पराकाष्ठा है कि एक परिवार के नाम पर मूर्तियां और योजनाओं का अंबार लगाने वाली कांग्रेस ने अंबेडकर की जन्म भूमि से लेकर उनसे जुड़े हुए महत्वपूर्ण स्थलों के प्रति उपेक्षा पूर्ण रवैया अपनाया। जन्मभूमि महू में 1991 में भाजपा की पटवा सरकार में स्मारक की नींव रखी गई। अचानक सरकार भंग कर देने के कारण बाद में जिसे भाजपा की शिवराज सरकार में पूर्ण किया गया। भाजपा सरकारों ने जन्मभूमि महू, शिक्षा भूमि लंदन, दीक्षा भूमि नागपुर, परिनिर्वाण भूमि दिल्ली और चैत्य भूमि मुंबई का विकास पंचतीर्थ के रूप में किया।

**अंबेडकर और संघ**-अपने पक्ष में अंबेडकर को खड़ा दिखाने के लिए कांग्रेस और कम्युनिस्ट लगातार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर हमला बोलते रहे हैं। सामान्यतः संघ दैनंदिन की बहसों उलझता नहीं है। समाज में अब यह विमर्श स्थापित हो चुका है कि अंबेडकर और संघ का लक्ष्य सामाजिक समता लाना ही रहा है। कहीं पद्धति और प्रक्रिया में अंतर हो सकता है लेकिन भाव और लक्ष्य एक ही हैं। बाबा साहेब अंबेडकर ने मई 1939 में पुणे शिविर में जाकर कहा था कि मैं अचंभित हूँ कि स्वयंसेवक दूसरों की जाति पता किये बिना पूर्ण समानता और भाईचारे के साथ आगे बढ़ रहे हैं 7 संघ के कार्य और प्रयास की दिशा ठीक है पर गति अपेक्षा से कम है। हालांकि संघ का प्रचार प्रसिद्ध से दूर रहने के कारण चर्चाओं ज्यादा गतिविधियां नहीं आई है। कतिपय गिनीचुनी मीडिया रिपोर्ट से नियत का अंदाजा लगाया जा सकता है। सितंबर 1947 को दिल्ली की एक कालोनी में संघ के कार्यकर्ताओं के समक्ष अपने संबोधन में उन्होंने कहा था कि जब संघ संस्थापक श्री हेडगेवार जिंदा थे, मैंने आरएसएस के शिविर का दौरा किया था तथा अनुशासन, अस्पृश्यता के पूर्ण अभाव और कठोर सादगी से प्रभावित हुआ था 7 तब से मैं मानता हूँ कि संघ सेवा और आत्म बलिदान के उच्च आदर्श से प्रेरित है, जो किसी भी संगठन की ताकत होता है। (हिंदू ~ 17 सितंबर, 1947) अंबेडकर की संघ में स्वीकार्यता का सबसे अलग उदाहरण है कि संघ के स्वयंसेवकों द्वारा किये जाने वाला प्रातः स्मरण एकात्मता स्त्रोत में डॉ आंबेडकर का श्रद्धा पूर्वक उल्लेख बरसों से संघ कार्यालयों में हो रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख प्रचारक और भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने अपनी पुस्तक डॉ. अंबेडकर और सामाजिक क्रांति की यात्रा (लोकहित प्रकाशन, लखनऊ) में लिखा है कि वे 1952 से 1956 तक अंबेडकर के साथ निकटता से जुड़े थे। ठेंगड़ी ने लिखा कि वे अंबेडकर की शेड्यूल्ड कास्ट्स फेडरेशन के महासचिव थे और 1952 के भंडारा लोकसभा उपचुनाव में अंबेडकर के चुनाव एजेंट थे। ये वही चुनाव है जिसमें कांग्रेस भरसक प्रयास कर बाबा साहब अंबेडकर को हराने में लगी हुई थी। इतना ही नहीं जब अंबेडकर को लेकर समाज में भ्रम था तब सहज भाव लेकिन बड़े संकल्प के साथ संघ ने अपने गठन के 75 वर्ष पूरे होने पर डॉ अम्बेडकर के विचार का प्रचार और स्टीकर में छपे महापुरुषों में एक डॉ आंबेडकर को भी घर घर पहुंचाया। यह दरअसल डॉ भीमराव अंबेडकर से कांग्रेस और परिवार विशेष में घनघोर ईर्ष्या एवं द्वेष रहा है। डॉ भीमराव अंबेडकर की विद्वता, योग्यता और सर्वस्वीकार्यता से भयाक्रांत रहे हैं। ऐसा अंबेडकर के साथ ही नहीं अपितु सरदार पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री से लेकर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक भी यही भेदभाव,अपेक्षा और अपमान का भाव दिखाई पड़ता है। आज अंबेडकर विरोधी कांग्रेस अंबेडकर के कद की ओट में स्वयं को सुरक्षित करने की ताक में है लेकिन इस दौर में छिपना संभव नहीं है। बाबा साहब ने कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों से ही जीवन भर संघर्ष किया और आज दोनों ही उनके मूल्यों के उलट समाज में जातीय संघर्ष और मजहबी कट्टरता की राजनीति करने में लगे हुए हैं।

**लेखक - भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश मंत्री हैं।**

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# जिंदगी मंच पर थी, मौत ने पर्दा गिरा दिया

**सोनम लववंशी**

हर दिन के उजाले में हम जीवन का उत्सव मनाते हैं, पर हमें यह अहसास तक नहीं कि मृत्यु अब हमारी परछाई से भी तेज़ रफ्तार से हमारे करीब आ रही है। महाराष्ट्र के धाराशिव में मंच पर अचानक गिरी वर्षा खरात की मौत कोई अकेली घटना नहीं है, यह उस अदृश्य महामारी की गूंज है जो कोविड के बाद हमारे समाज में मौन पांव पसार रही है। सड़कों पर चलते, खेलते, नाचते, बोलते – हम जिन्दगी के सामान्य क्षणों को जीते हुए जैसे मौत से एक अनदेखा समझौता कर बैठे हैं। विडंबना यह है कि एक असामान्य परिस्थिति को भी हम सामान्य मानने लगे हैं। कोरोना वायरस ने केवल शरीर पर वार नहीं किया, उसने समाज की मानसिकता और सरकार की प्राथमिकताओं पर भी गहरा घाव किया है। कोरोना के बाद की यह अचानक गिरने, धड़कन थम जाने वाली घटनाएँ वास्तव में पोस्ट कोविड सिंड्रोम का विकराल चेहरा हैं। मेडिकल साइंस के अनुसार, कोविड के संक्रमण ने शरीर के अंदर सूक्ष्म रक्त वाहिनियों में थक्के बनाने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया। यह स्थिति कई बार बिना किसी पूर्व लक्षण के जानलेवा साबित हो रही है। हार्ट अटैक, कार्डियक अरेस्ट, माइक्रोथ्रोम्बस, ब्रेन स्ट्रोक – ये सब एकदम से हमला कर रहे हैं और अक्सर इतने तेजी से कि चिकित्सा सहायता भी समय पर नहीं पहुंच पा रही। भारत में कोविड के बाद कार्डियक मौतों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आंकड़े बताते हैं कि 2020 से 2024 के बीच अचानक कार्डियक अरेस्ट के मामलों में 28 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। 30 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में यह वृद्धि 15 प्रतिशत के करीब है। लेकिन यह आंकड़े अखबार के किसी कोने में दबे रह जाते हैं, उन पर न तो नीतिगत बहस होती है, न ही कोई राष्ट्रीय आपात चेतावनी जारी होती है। आख़िर क्यों? हकीकत यह है कि सरकार और प्रशासन महामारी के बाद इस स्वास्थ्य आपातकाल को लेकर उतने सतर्क नहीं हैं, जितनी गंभीरता की आवश्यकता है। सार्वजनिक स्थलों पर इमरजेंसी मेडिकल सुविधाओं का अभाव, प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की कमी, और तत्काल जीवनरक्षक उपकरणों स्वचालित बाह्य डिफिब्रिलेटर (एईडी मशीनों) की अनुपलब्धता हमारी व्यवस्था की ढुलमुल मानसिकता का प्रमाण हैं। किसी समारोह, कॉलेज फंक्शन या सार्वजनिक कार्यक्रम में सुरक्षा का मतलब केवल भगदड़ रोकने तक सीमित कर दिया गया है, स्वास्थ्य संबंधी आकस्मिकताओं के लिए तैयारियां अब भी हास्यास्पद रूप से अपर्याप्त हैं, और समस्या केवल चिकित्सा व्यवस्था तक सीमित नहीं है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# धर्म को विज्ञान से नहीं आस्था से समझें

**संजय गोस्वामी**


> हनुमान के चेहरे पर वार हुआ था। वे कराह उठे और उनका चेहरा फूलने लगा। वायुदेव को गिरते हुए बच्चे को देखकर घबराहट हुई। वह उसे अपनी बाहों में लेने के लिए तेजी से आगे बढ़ा। उसे उठाकर वायुदेव तेजी से एक गुफा के अंदर चले गए।जिस क्षण वायुदेव ने खुद को गुफा में बंद किया, हवा बहना बंद हो गई। मनुष्य और जानवर सांस लेने के लिए तरस गए। इंद्र चिंतित हो गए, क्योंकि उन्हें पता था कि जीवित प्राणी हवा के बिना लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकते। इंद्र वायुदेव के पीछे भागे। सूर्यदेव इंद्रदेव के पीछे भागे।

हनुमान जयंती 12अप्रैल को भगवान हनुमान को समझने की कोशिश की जिसमें एक बात हैरान करने वाला था लेकिन सत्य है,वाल्मीकि की रामायण, किष्किन्धाकांड में वर्णित हनुमान के बचपन के वृत्तांत से हनुमान जी ने सूर्य को कैसे निगल लिया था, जबकि सूर्य पृथ्वी से लगभग 130 गुना बड़ा है?हनुमान जी के सूर्य को निगलने की कथा को पौराणिक दृष्टिकोण से समझा जाता है, न कि भौतिक विज्ञान के नियमों से। यह कथा वाल्मीकि रामायण और अन्य पुराणों में वर्णित है, जिसमें हनुमान जी की बाल्यकाल की अद्भुत शक्तियों का वर्णन किया गया है।कथा का संक्षिप्त विवरण जब हनुमान जी छोटे थे, तो उन्हें बहु तेज भूख लगी।रूपांतरित में यह कहा गया है सूर्य ने देखा कि बालक बहु तेज गति से उसकी ओर उड़ रहा है। सूर्यदेव ने सोचा, वह छोटा सा बालक पागल बैल की तरह मुझ पर आक्रमण कर रहा है। वायुदेव को यह देखकर आश्चर्य हुआ कि उसके मित्र सूर्यदेव एक छोटे से बालक को देखकर घबरा गए। हनुमानजी अब और अधिक तेज गति से आगे बढ़ने लगे। सूर्यदेव, सूर्यदेव, घबरा गए। बचाओ, बचाओ, वे चिल्लाए। कुछ ही समय में, देवताओं के राजा इंद्र, अपने हाथी पर सवार होकर प्रकट हुए। यह कोई साधारण हाथी नहीं था। ऐरावत सफेद रंग का था, और उसके चार दाँत थे। छोटे हनुमान को इंद्र का हाथी खिलौना लग रहा था। वे भूल गए कि उन्हें भूख लगी है, और हाथी के पीछे चले गए। चले जाओ, दुष्ट, चले जाओ, इंद्र ने चिल्लाया। इंद्र की चेतावनी को अनदेखा करते हुए, हनुमान आगे बढ़े और हाथी की सूंड पकड़ ली। इंद्र ने अपने शक्तिशाली हथियार, वज्र से हनुमान को दूर धकेल दिया। अन्य देवता सूर्यदेव के पीछे भागे। इंद्रदेव के नेतृत्व में सभी देवता गुफा के बाहर एकत्र हुए और वायुदेव से बाहर आने का आग्रह किया।तुम्हारा बेटा बहुत बढ़िया है, वायुदेव, इंद्र ने कहा, क्या लड़का है!क्या ताकत है! और वह निडर भी है, सूर्यदेव ने कहा।जब वह बड़ा होगा, तो हनुमान महान कार्य करेगा, इंद्र ने कहा।मैं हनुमान को असाधारण शक्ति का वरदान देता हूं, सूर्यदेव ने कहा।मैं उसे ज्ञान और बुद्धि प्रदान करता हूं, इंद्रदेव ने घोषणा की।वह अपनी इच्छानुसार बड़ा या छोटा हो सकता है। वह कोई भी रूप धारण कर सकता है, देवताओं में से एक ने कहा।इंद्र ने कहा, मृत्यु भी उसे छू नहीं सकती। मैं उसे अमर बना दूंगा।नन्हे हनुमान पर बरसते वरदानों को सुनकर वायु प्रसन्न हुए। इस बीच हनुमान दर्द से उबर चुके थे। हनुमान को गले लगाए हुए वायु देवताओं को धन्यवा देने के लिए गुफा से बाहर आए।हवा चलने लगी। मनुष्य और जानवर अब आसानी से सांस ले सकते थे। देवता खुश थे। उन्होंने हनुमान को आशीर्वा दिया और अपने घर लौट गए।तभी हनुमान को अपनी मां अंजना की आवाज सुनाई दी - हनु, तुम कहां चले गए। हनु...वायु द्वारा दिए गए एयर कुशन पर तैरते हुए हनुमान तुरंत घर की ओर चल दिए। जब हनुमान घर पहुंचे और अपनी मां को गले लगाया, तो वायु मुस्कुराए।सूर्य पृथ्वी से औसतन लगभग 93,000,000 मील (150 मिलियन किलोमीटर) की दूरी पर है। यह इतना दूर है कि सूर्य से प्रकाश, 186,000 मील (300,000 किलोमीटर) प्रति सेकंड की गति से यात्रा करते हुए, हमारे पास पहुंचने में लगभग 8 मिनट लेता है।सूर्य से पृथ्वी तक प्रकाश पहुंचने में औसतन 8 मिनट और 20 सेकंड का समय लगता है. प्रकाश की गति 2,99,792 किलोमीटर प्रति सेकंड होती है. पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी लगभग 150 मिलियन किलोमीटर है. वर्तमान में, सूर्य के केंद्र का तापमान लगभग 15 मिलियन डिग्री सेल्सियस (27 मिलियन डिग्री फ़ारेनहाइट) है। यह तापमान परमाणु संलयन नामक प्रक्रिया के कारण होता है, जो सूर्य के केंद्र में लगातार होता है। परमाणु संलयन में, हाइड्रोजन नाभिक आपस में मिलकर हीलियम नाभिक बनाते हैं, जिससे भारी मात्रा में ऊर्जा निकलती है।यह ऊर्जा सूर्य के बाहर की ओर विकिरण और संवहन द्वारा स्थानांतरित होती है, जिससे उसकी सतह का तापमान लगभग 5,500 डिग्री सेल्सियस (10,000 डिग्री फ़ारेनहाइट) हो जाता है।सूर्य के भविष्य में, जैसे-जैसे वह अपने ईंधन (हाइड्रोजन) को जलाता जाएगा, उसका केंद्र अधिक गर्म हो जाएगा। माना जाता है कि अगले 5 अरब वर्षों में, सूर्य का केंद्र तापमान 20 मिलियन डिग्री सेल्सियस (36 मिलियन डिग्री फ़ारेनहाइट) तक पहुंच जाएगाओजोन परत मुख्य रूप से समताप मंडल में स्थित है, जो पृथ्वी की सतह से लगभग 15 से 35 किलोमीटर (9 से 22 मील) ऊपर है। वायुमंडल के अन्य भागों की तुलना में इसमें ओजोन (ह्3) की उच्च सांद्रता होती है। जबकि ओजोन वायु प्रदूषक के रूप में क्षोभमंडल (निचले वायुमंडल) में मौजूद है, समताप मंडल की ओजोन परत ही वह है जो हमें यूवी विकिरण से बचाती है।जो शायद वहाँ तक पहुंचने में हनुमानजी को ताप का अहसास नहीं हुआ होगा और उनका शरीर भी वज्रदेह दानव दलन है जो इंसान से अलग है और जहाँ तक पृथ्वी से बड़ा का सवाल है वो तो अंतरिक्ष में चले गए और वहाँ पवनपुत्र के नाते सांस लेने में क़ोई परेशानी भी नहीं होगी अतः इसमें सच्चाई है क्योंकि ईश्वर को जानना कठिन है क़ोई यह नहीं बता सकता कि उसकी मौत कब और कैसे होगी तो ईश्वर पर विश्वास रखें और कर्म करें आप सफल होंगे उन्होंने आकाश में चमकते हुए सूर्य को एक लाल फल समझ लिया और उसे खाने के लिए आकाश में उड़ गए। अपनी दिव्य शक्ति के कारण वे तेजी से सूर्य की ओर बढ़े और उसे निगलने का प्रयास किया।इससे समस्त ब्रह्मांड में अंधकार छा गया, क्योंकि सूर्य ही प्रकाश का स्रोत था।



**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

## शब्द पहेली - 8338




### बाएँ से दाएँ

1.प्रार्थना,खुशामद-4
4.श्मशान,शवदाहगृह-4
6.भ्रमर,चक्र-3
8.कामदेव,सुंदर-3
9.चांदी-3
11.सितारा-2
13.राजकुमार,मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15.हालात,तबियत-2
16.फिजूल,व्यर्थ-3
18.डिपो-3
19.गमन,विदा-3
20.झगड़ा,अनबन-4
22.लुंगी-4

### ऊपर से नीचे

1.आलता,माहुर-4
2.घाटा,नुकसान-2
3.कमल,जलज-3
4.अभिष्ट इच्छा,चाह-5
5.टक्कर,मुठभेड़-4
7.रात्रि,निशा-3
10.जरुरतमंद-5
12.हाथी साधने वाला-4
14.तरंग,हिलोर-3
17.कसरत,परेड-4
18.विश्राम,राहत-3
21.मार्ग,पथ-2


### शब्द पहेली -8337 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | फ | री | ह | | क | ल | र | व |
| क | | छ | ल | क | प | ट | | र |
| रा | ख | | | म | | | बं | दा |
| र | त | | प | ल | क | | दा | न |
| | र | स | ना | | मा | ख | न | |
| त | ना | | ह | म | ल | | वा | स |
| ल | क | | | ग | | | ज | ल |
| घ | | म | न | र | ख | ना | | वा |
| र | म | जा | न | | त | क | दी | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**16 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.32 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | वृष | 07.16 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.14 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.27 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 13.44 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.56 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.06 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.21 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.37 बजे से |
| **राहुकाल** 12.00 से 1.30 बजे तक | | मकर | 00.42 बजे से |
| | | कुंभ | 02.29 बजे से |
| | | मीन | 04.01 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 106 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 13.18 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा अहोरात्र। **योग** व्यतीपात 00.18 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 13.18 बजे तदनन्तर बव 02.23 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 10° 08' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872316 **जूलियन दिन** 2460781.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 17 **विशेष** संकष्टी चतुर्थी, अनुसूया जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक | |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक | |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक | |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक | |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जे.के. जैन के निधन पर दु:ख व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के मध्यप्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त अधिकारी जे.के. जैन के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जैन अपने सेवाकाल में कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहे। उनके असामयिक निधन से प्रदेश और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से पुण्यात्मा को शांति और स्व. जैन के शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### 'वन संरक्षण और जलवायु-समर्थ आजीविका' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 18 अप्रैल से भोपाल में

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 18 अप्रैल से नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। केन्द्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव सत्र में मुख्य वक्तव्य देंगे। प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह स्वागत उद्बोधन देंगे। दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की रूपरेखा डॉ. राहुल मूँगीकर प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय और प्राकृतिक संरक्षण पर केंद्रित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दी जाएगी। राष्ट्रीय कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। बैंगलुरू से आ रहे प्रो. रमेश विशेषज्ञ वक्तव्य भी देंगे। कार्यशाला में डॉ. योगेश गोखले, डॉ. राजेन्द्र दहातोंडे आदि वक्ता विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे।

### सूचना प्रौद्योगिकी से वनों की सुरक्षा एवं संरक्षण में आयी गतिशीलता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वनों के संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा के लिये प्रदेश में निरंतर प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की मंशानुसार विभिन्न विभागों द्वारा इस दिशा में सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। वन विभाग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों के उपयोग से वनों की सुरक्षा एवं संरक्षण में गतिशीलता लाने के लिये जीआईएस तकनीक का प्रयोग वन क्षेत्रों के नक्शों के निर्माण एवं संधारण के लिये किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा वनों का वैज्ञानिक दृष्टि से इस तरह प्रबंधन करना, जिससे न सिर्फ ग्रामवासियों को वनों से जीविकोपार्जन का स्रोत निरंतर बना रहे, बल्कि प्रबंधन में भी उनकी भागीदारी सशक्त करने का सार्थक प्रयास है। साथ ही इससे यह भी सुनिश्चित करना है कि वन एक प्राकृतिक धरोहर के रूप में संवहनीय, संरक्षित एवं संवर्धित संसाधन के रूप में विकसित होता रहे। मध्यप्रदेश वन एवं वन्य-जीव संरक्षण एवं संवर्धन में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में अपना स्थान रखता है।

### रासायनिक/औद्योगिक आपदा मॉक अभ्यास के लिए टेबल टॉप एक्सरसाइज कल होगी आयोजित

**भोपाल।** राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल (एसडीईआरएफ) के राज्य कमान एवं नियंत्रण केंद्र, भोपाल में 17 अप्रैल को होने वाले रासायनिक/औद्योगिक खतरा मॉक अभ्यास के निष्पादन के लिए एक टेबल टॉप एक्सरसाइज (टीटीईएक्स) आयोजित की गई। टीटीईएक्स की अध्यक्षता अरविंद कुमार, डीजी एसडीईआरएफ भोपाल द्वारा की गई। बैठक में मनीष कुमार अग्रवाल, डीआईजी, एसडीईआरएफ, कर्नल कीर्ति प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव, एनडीएमए, ब्रिगेडियर रवींद्र गुरुंग, वरिष्ठ सलाहकार, एनडीएमए, अंकुर मेश्राम, एडीएम भोपाल, लखन सिंह, संयुक्त कलेक्टर भोपाल, बृजेश जायसवाल, वरिष्ठ सलाहकार, एमपीएसडीएमए, विभिन्न लाइन विभागों के नोडल अधिकारी, एमपी पुलिस, अग्नि एवं आपातकालीन सेवाएं और स्वास्थ्य विभाग, एसडीईआरएफ, होमगार्ड, एनडीआरएफ, सेना, वायुसेना के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान, ब्रिगेडियर रवींद्र गुरुंग (सेवानिवृत्त), एनडीएमए ने 17 अप्रैल 2025 को होने वाले रासायनिक/औद्योगिक खतरा मॉक अभ्यास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मॉक अभ्यास के सभी पहलुओं, प्रत्येक हितधारक की भूमिका और प्रतिक्रिया, बचाव, निकासी और राहत के लिए सेना, पुलिस, अग्नि और चिकित्सा टीम सहित समग्र कार्य बलों पर प्रकाश डाला।

---

### वोट बैंक खिसकता देख बौखला गए हैं दिग्विजय सिंह, दिग्विजय सिंह को चुभ रहा है प्रदेश का सौहार्द्रपूर्ण वातावरण

# वक्फ संशोधन बिल पारित होने से हताश हैं कांग्रेस नेताः डॉ. सनवर पटेल

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की पत्रकार-वार्ता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह समेत कांग्रेस के अन्य नेता मुस्लिमों में अपना जनाधार खिसकते और वोट बैंक को बिखरते देख बौखला गए हैं। देश और प्रदेश की जनता द्वारा बार-बार नकार दिए जाने के बावजूद कांग्रेस के लोग अभी भी अपना यथार्थ स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं और वे आज भी जाति और धर्म की राजनीति के सहारे अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। उन्हें मध्यप्रदेश का शांति और सौहार्द्र का वातावरण चुभने लगा है, इसलिए वे अपने बयानों से माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं।



*वक्फ संशोधन बिल से नकारा हुआ भू-माफिया...* पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने जो वक्फ संशोधन बिल पारित कराया है, उसके बाद वक्फ के नाम जमीनों पर कब्जा कर करोड़ों रुपयों की हेरफेर करने वाला भू-माफिया बेकार हो गया है। अब वक्फ बोर्ड को होने वाली आय का उपयोग गरीब मुस्लिमों के कल्याण के लिए किया जाएगा। यह बात दिग्विजय सिंह जैसे नेताओं और मुस्लिम समाज में उनकी राजनीति का आधार रहे भू-माफिया के गले नहीं उतर रही है। इसीलिए इस तरह की वातावरण खराब करने वाली बयानबाजी कर रहे हैं ताकि लोग भ्रमित होकर हिंसा का रास्ता अपनाएं और मुस्लिमों के स्वयंभू नेता बने भू-माफिया अपना औचित्य साबित कर सके। लेकिन इस तरह की बयानबाजी से ये नेता अपनी हताशा ही जाहिर कर रहे हैं।

#### देश-प्रदेश का वातावरण बिगाड़ना चाहती है कांग्रेस

डॉ. सनवर पटेल ने कहा कि ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास'' के मूलमंत्र पर चल रही मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मुस्लिम समाज के पात्र हितग्राहियों को भी मिल रहा है। इससे उनके जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आया है और वे देश की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। यही वजह है कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के परोक्ष समर्थन से हो रहे दंगों को छोड़कर देश में कहीं भी वक्फ संशोधन बिल के विरोध में हिंसा की घटनाएं नहीं हुई। जबकि कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दल इस मुद्दे का इस्तेमाल देश में आग लगाने के लिए करना चाहते थे। उन्हें यह विश्वास ही नहीं हो रहा है कि भोपाल जैसे शहर में मुस्लिम समाज के लोग उनकी बात न मानते हुए वक्फ संशोधन बिल के समर्थन में प्रदर्शन भी कर सकते हैं। बहरहाल, अपना अच्छा-बुरा समझने वाले मुस्लिम समाज के रवैये से कांग्रेसियों को निराशा हो रही है। इसीलिए दिग्विजयसिंह जैसे नेता जानबूझकर इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, जिससे समाज का वातावरण खराब हो। डॉ. सनवर पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार है और उसके लिए प्रदेश की कानून व्यवस्था पहली प्राथमिकता है।

---

### मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मण्डल संचालक मण्डल की 62वीं बैठक हुई

# श्रमिकों का कल्याण प्रशासनिक नहीं, नैतिक उत्तरदायित्व : पटेल

**विजय मत, भोपाल**




श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि मंडल की बैठकों में श्रम कल्याण के विषय पर विस्तारसे चर्चा की जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में श्रम कल्याण योजनाएं एवं श्रम कानूनों में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के बारे में बोर्ड में चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि संबल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की विसंगतियों को दूर करें। मंत्री पटेल मंगलवार को पलाश रेसीडेंसी में मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मण्डल के संचालक मण्डल की 62वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्रम कल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव, अपर सचिव बसंत कुर्रे, कल?याण आयुक?त एस.एस.दीक्षित सहित मंडल के सदस्य, विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

मंत्री पटेल ने कहा कि श्रमिकों का कल्याण केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, नैतिक उत्तरदायित्व भी है। हमारी सरकार हर श्रमिक के सम्मान, अधिकार और भविष्य की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले शत-प्रतिशत श्रमिकों को सर्वप्रथम इलेक्ट्रिक वाहन का वितरण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नवीन श्रम कल्याण केंद्रों की डिजाइन भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार की जाए। बैठक में प्रमुख सचिव, श्रम उमराव ने जानकारी दी कि शासन की ओर से मंडल को अंशदान राशि 2 करोड़ से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 12 करोड़ की गई है।

बैठक में मण्डल की 61वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कार्यालय ?द्वारा की गई कार्रवाई की पुष्टि की गई एवं मण्डल के वित्तीय बजट वर्ष 2025-26, मण्डल के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-24 पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया। मण्डल कर्मचारियों की सेवाशर्तों विनियम में अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान किये जाने, म.प्र. श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1982 की धारा 2 (3) (ख) को संशोधित करने, मण्डल के नियमित कर्मचारियों को 7वें वेतनमान के एरियर्स के व्यय भार की स्वीकृति प्रदान की गई, श्रम कल्याण केन्द्र, बुरहानपुर भवन, बुरहानपुर के मरम्मत के लिए व्यय राशि पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

---

### दिग्विजय के बयान पर मंत्री सारंग का पलटवार, बोले-

# हिंदू त्यौहारों से आपत्ति है तो पाकिस्तान चले जाएं

**विजय मत, भोपाल**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और गुना में सांप्रदायिक तनाव की घटना को लेकर सियासी बयानबाजी पारा चढ़ा रही है। इस मामले में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के बयान पर भाजपा विधायक और मंत्री विश्वास सारंग ने पलटवार किया है। सारंग ने कहा कि देश में हिंदुओं के तीज-त्यौहार और शोभायात्रा पर कोई रोक नहीं लगा सकता। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह को हिंदू त्यौहारों से आपत्ति है, तो उन्हें पाकिस्तान चले जाना चाहिए। ये बहुसंख्यक समाज का देश है और यहां अगर हिंदू तीज-त्यौहार नहीं मनाए जाएंगे तो क्या मनाया जाएगा? विश्वास सारंग ने कांग्रेस नेता पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो व्यक्ति रामसेतु को तोड़ने का षड्यंत्र रचता है, राम मंदिर का विरोध करता है, भगवा आतंकवाद जैसे शब्द गढ़कर सनातन का अपमान करता है और जाकिर नाइक जैसे इस्लामिक कट्टरपंथी के मंच पर जाकर उसका महिमामंडन करता है, उससे और क्या उम्मीद की जा सकती है? बता दें दिग्विजय सिंह ने हाल ही में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक तनाव की घटना पर बयान देते हुए सवाल उठाया था कि ÷मस्जिदों के सामने डीजे बजाते हुए जुलूस निकालने की इजाजत क्यों दी जाती है? इस बयान पर



विश्वास सारंग ने पलटवार कर तीखी प्रतिक्रिया दी।

#### ममता बनर्जी सरकार पर भी हमला

विश्वास सारंग ने पश्चिम बंगाल में हिंदू त्योहारों से जुड़े मामलों को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंगाल की सरकार को हिंदुओं के तीज-त्योहार मनाने में तकलीफ होती है। ममता दीदी ने बहुसंख्यक समाज का अपमान करना और उनके हितों की उपेक्षा करना अपनी आदत बना ली है। मंत्री ने कहा कि जिस बंगाल ने स्वतंत्रता आंदोलन में साहित्य और क्रांति के माध्यम से योगदान दिया, उस बंगाल को आज तुष्टिकरण की राजनीति ने बर्बादी की राह पर खड़ा कर दिया है। ममता सरकार की यह नीति बंगाल और देश दोनों के भविष्य के लिए घातक है।

---

## राज्य स्तरीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा निर्माण के लिये प्रारंभ हुई कार्यशाला

**भोपाल।** राज्य स्तरीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा निर्माण के लिये 3 दिवसीय कार्य शाला का शुभारंभ मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक स्थायी समिति के अध्यक्ष अलकेश चतुर्वेदी ने मंगलवार को भोपाल के लेक-व्यू अशोका में दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। कार्यशाला में बच्चों का सर्वांगीण विकास, कौशल विकास और आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा जैसे उद्देश्य बिंदुओं पर विचार मंथन के बाद प्राप्त सुझावों को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या समिति को प्रेषित किया जाएगा। इसके बाद राज्य की पाठ्यचर्या का निर्माण भी किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये टास्क फोर्स का गठन किया है।

---

## तड़के सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक, अधिकारियों को दिए निर्देश

**विजय मत, भोपाल**



भोपाल की हुजूर विधानसभा क्षेत्र में जारी विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने मंगलवार तड़के 7 बजे विधायक रामेश्वर शर्मा तड़के निरीक्षण पर निकले। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीआई चौराहा से बंसल अस्पताल तक बन रहे फोर लेन अवध मार्ग, केरवा डेम से सेमरी तक प्रस्तावित फोर लेन सड़क और बंजारी स्थित मुखर्जी इनडोर स्टेडियम के कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारियों और तकनीकी टीम के साथ मौजूद विधायक ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर कई निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रीट लाइट का कार्य प्राथमिकता पर शुरू किया जाए। सड़क के साथ-साथ ड्रेनेज व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। कनेक्टिंग रोड्स के निर्माण कार्य में गति लाई जाए। वीरशा हाइट और अग्रसेन चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएं। कालीबाड़ी मंदिर (वीरशा हाइट) के पास कलिया सोत नदी पर पुल निर्माण को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। केरवा डेम से सेमरी तक बनने वाली फोर लेन सड़क का निर्माण जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि मुखर्जी इनडोर स्टेडियम के कार्यों की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक सुधार और प्रगति के निर्देश दिए गए। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों और सार्वजनिक सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने अधिकारियों से सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने को कहा ताकि नागरिकों को शीघ्र सुविधा मिल सके।

---

**खास-खबर** ग्वालियर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक

## प्रदेश के हर क्षेत्र में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के लिए सरकार प्रतिबद्ध : शुक्ल

**विजय मत, भोपाल**



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में ग्वालियर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण योजना की गहन समीक्षा की उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जल संसाधन मंत्री एवं ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जय आरोग्य अस्पताल, ग्वालियर में सीटीवीएस (कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी) विभाग के आवश्यक पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव तैयार करने और अस्पताल भवन के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों को शीघ्रता एवं प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में ग्वालियर क्षेत्र के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के अधोसंरचना विकास, मैन पॉवर, उपकरण उपलब्धता की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर आवश्यक व्यवस्थाओं के उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार समस्त अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बाहर न जाना पड़े। इसके लिए आवश्यक अधोसंरचना विकास, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और चिकित्सकीय स्टॉफ की पर्याप्त नियुक्ति सुनिश्चित की जा रही है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत सांवेर विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थानों के उन्नयन के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी, तथा संचालक नीरज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

---

### भोपाल की 45 स्वास्थ्य संस्थाएं नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफाइड

**भोपाल।** नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के तहत भोपाल के पांच और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का प्रमाणीकरण हुआ है। नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर द्वारा जारी प्रमाणीकरण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर रातीबड़ 89.51त्न और तुमड़ा 83.46त्न अंकों के साथ क्वालीफाई हुए हैं। उपस्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर मजीदगढ़ को 82.83त्न, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बालमपुर को 87.60त्न, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पिपलिया बाज खां को 84.03त्न अंक मिले हैं। इन संस्थाओं का मार्च माह में मूल्यांकन हुआ था। इन्हें मिलाकर अब तक भोपाल की 35 स्वास्थ्य संस्थाओं का प्रमाणीकरण नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड में हो चुका है।

---

ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥੧॥

पाठ का भोग एवं अंतिम अरदास



स्वः रविन्दर सिंह

आप जी को बहुत ही दुखी हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे सत्कार योग स्वर्गीय सरदार रविंदर सिंह सुपुत्र स्वर्गीय रघुवीर सिंह जो की दिनांक 8 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करते हुए वाहेगुरु के चरणों में जा विराजे हैं उनकी आत्मा की शांति के लिए रखे हुए अखंड पाठ का भोग एवं अंतिम अरदास दिनांक 17 तारीख़ 2025 दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक गुरुद्वारा टेकरी साहिब ईदगाह हिल्स भोपाल मैं होगी। आप सभी ने अंतिम अरदास में शामिल होने की किरपा करनी।

दुखी हृदय
पृथ्वीराज सिंह प्रेस फोटोग्राफर प्रदेश टुडे,
भूपेंद्र सिंह प्रेस फोटोग्राफर
मनिन्दर सिंह,जसप्रीत सिंह, शमशेर सिंह
समूह परिवार
9827336370, 8770837309,
9752665151,8319969626

## यूज इन शॉर्ट



### जल दान से जीवनदान, पक्षियों की प्यास बुझाने युवाओं ने रखे सकोरे

शहडोल। ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जानवरों एवं पशुओं को पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके इसके लिए शहडोल युवा टीम द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। आज युवा टीम द्वारा कमिश्नर कार्यालय परिसर एवं कलेक्ट्रेट परिसर के पार्क में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सकोरे रखे गए। इस कार्य में युवा श्री गौरव मिश्रा सहित अन्य युवा शामिल थे। गौरतलब है कि शासकीय कप्तान हाई स्कूल बुढार के प्राचार्य श्री देवेंद्र श्रीवास्तव द्वारा युवाओं को निशुल्क स्कोर उपलब्ध कराए गए थे। साथ ही हर घर नाद अभियान चलाकर जगह-जगह नाद करवाने की पहल की भी जा रही है जिससे पशु पक्षी अपनी प्यास बुझा सकें।

### रोजगार मेला का आयोजन 17 अप्रैल को

शहडोल। शासकीय आई.टी.आई. परिसर शहडोल में 17 अप्रैल 2025 को प्रातः 10:30 बजे से 04 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में वी.जी. आटो कॉम्पोनेट प्राय. लिमिटेड, अहमदाबाद (गुजरात), भारतीय जीवन बीमा निगम, शहडोल, श्रीराम लाईफ इंश्योरेन्स, लिमिटेड, शहडोल, श्री सांई बाबा सिक्योरिटी सर्विस, शहडोल, एस.आई.एस. सिक्योरिटी, अनूपपुर, फिएम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, अहमदाबाद (गुजरात), यजाकी इंडिया प्राय, लिमिटेड, भायला अहमदाबाद (गुजरात) कंपनियां शामिल होंगी। रोजगार मेले में इच्छुक अभ्यार्थी शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा (समस्त ब्रान्च) सहित आवश्यक दस्तावेज लेकर रोजगार मेला में अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोल। उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में राजस्व से संबंधित, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक सहायता, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बेम्हौरी ज्वालामुखी मंदिर के पीछे लोहा पुलिया में लटकी मिली अज्ञात लाश

शहडोल । जिले के धनपुरी थाना अंतर्गत बेम्हौरी ग्राम में ज्वालामुखी मंदिर के पीछे स्थित लोहा पुलिया पर एक युवक की लाश फांसी पर लटकी पाई गई। यह चौंकाने वाली घटना सोमवार की शाम को सामने आईए जब स्थानीय ग्रामीणों ने शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जांच के अनुसारए लाश की दुर्गंध से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह शव लगभग 3.4 दिनों पुराना हो सकता है।एकड़ स्थानीय निवासी ने बताया कि गांव से कुछ दूर सुनसान स्थान पर मवेशी चरा रहे एक व्यक्ति ने दुर्गंध आने से मौके पर जाकर जब देखा तो एक शव फांसी पर लटका दिखाई दिया। इसके बाद उसने गांव के लोगों को इसकी जानकारी दी। लोगों ने पुलिस को मामले की खबर दी थी। धनपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। हालांकिए मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसारए प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा हैए लेकिन सभी पहलुओं पर गहनता से जांच करने का आश्वासन दिया गया है।धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह पेंद्रो ने बताया कि हमने मौके पर एक टीम भेज दी है। सूचना तंत्र की मदद से शव की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। विधिवत जांच संभवतः सुबह हो पाएगीए क्योंकि मौके पर गहरा नाला और झाड़ियां हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के थानों व जिले से गुम इंसान की भी जानकारी मंगाई गई है। शव की शिनाख्त करवाने में पुलिस लगी हुई है।स्थानीय ग्रामीणों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है। कई लोग इसे आत्महत्या मान रहे हैंए जबकि कुछ का मानना है कि इसके पीछे अन्य कारण हो सकते हैं। एक ग्रामीण ने कहाए यहां के लोग इस तरह की घटनाओं को लेकर बहुत चिंतित हैं।

### विभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन मिली जीत

शहडोल। विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलाई के प्रतिभागी विभागीय एकल खेल कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित कर प्रांत के लिए चयनित किए गए ।दिनांक 11 और 12 अप्रैल 2025 को सरस्वती शिशु मंदिर अमरकंटक पवित्र नगरी में भैया बहनों की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें जिला अनूपपुर, उमरिया और शहडोल के प्रतिभागी सम्मिलित हुए ।भैया अब्दुल अली कक्षा 12वीं ने तवा/डिस्कस फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किए,वहीं 400 मीटर की दौड़ में भैया कृष्णा सिंह कक्षा 12वीं द्वितीय स्थान अर्जित किये। भैया अभिषेक यादव कक्षा आठवीं 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किये, बहन भूमि महतो कक्षा छठवीं तवा फेक एवं गोला फेक में तीसरा स्थान प्राप्त की।

**विजय मत विशेष–सांसद विधायकों को सड़क विकास के संबंध में मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय परिवहन मंत्री से क्या मांग नहीं रखनी चाहिए?**

# फोरलेन एवं सिक्सलेन रोड कनेक्टिविटी में शहडोल संभाग अछूता

**विजय मत, शहडोल।**

शहडोल। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रयास और संकल्प से रोड कनेक्टिविटी के लिहाज से मध्य प्रदेश की सूरत बदलने वाली है परंतु आदिवासी बाहुल्य शहडोल संभाग सड़कों के विकास के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ है। यह सही समय है यदि यहां के सांसद एवं विधायक संयुक्त रूप से एक प्रस्ताव बनाकर मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय परिवहन मंत्री से मांग करें तो अमरकंटक, बांधवगढ़, सरसी एवं बाणसागर के लिए रीवा जबलपुर कटनी डिंडोरी मंडला कान्हा सिवनी बालाघाट नागपुर अंबिकापुर बिलासपुर एवं रायपुर से सीधी एवं सुविधाजनक फोरलेन एवं सिक्सलेन रोड़ कनेक्टिविटी हो सकती है।

अभी हाल ही में श्री गडकरी ने धार जिले के बदनवार में 5800 करोड़ की लागत वाले 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भूमि पूजन और लोकार्पण किया है । मंच से ही मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की मांग पर उन्होंने 12000 करोड़ की लागत से बनने वाले 400 किलोमीटर के छह और हाईवे प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है।

### ग्रीनफील्ड इकोनामिक कॉरिडोर

श्री गडकरी ने घोषणा किया है कि मध्य प्रदेश में ग्रीन फील्ड इकोनामिक कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इनकी कुल लागत 31000 करोड रुपए आएगी। यह प्रदेश का चेहरा बदल देंगे। श्री गडकरी ने कहा है कि नेशनल हाईवे नेटवर्क 3 साल में अमेरिका से बेहतर होगा । श्री गडकरी ने जिन ग्रीन फील्ड इकोनॉमी की बात की उनमें भोपाल-जबलपुर, भोपाल -इंदौर, इंदौर - हैदराबाद, देवास - उज्जैन, उज्जैन -मंदसौर और इंदौर- नागपुर है परंतु अफसोस कि हमारा शहडोल संभाग सड़क विकास से अछूता है।

सवाल उठता है कि शहडोल संभाग की लीडरशिप क्या कमजोर है या इच्छा शक्ति में कमी है। माना कि हमारे यहां के सांसद एवं ज्यादातर विधायक आदिवासी और सीधे सरल है किंतु शहडोल जिला प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ला तो प्रदेश के नंबर दो ताकतवर नेता और उपमुख्यमंत्री हैं। यदि यहां के सांसद विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि मिलकर प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिले और सड़क विकास की मांग रखें तो शहडोल संभाग के तीनों जिलों की तस्वीर बदल सकती है । जरूरत इच्छाशक्ति की है । यदि इच्छाशक्ति जागृत हो जाए तो शहडोल संभाग का सर्वांगीण विकास हो सकता है।

### औद्योगिक विकास के लिए भी रोड कनेक्टिविटी जरूरी

रीजनल इन्वेस्टर कॉन्क्लेव के पश्चात भी शहडोल में औद्योगिक विकास की फाइल ठंडे बस्ते में चली गई प्रतीत होती है क्योंकि कोई गतिविधियां नहीं दिखाई दे रही है। इसके पीछे भी शायद रोड़ कनेक्टिविटी की सुविधा नहीं होना एक कारण है । उद्योगपति भी खराब सड़कों की वजह से उद्योग स्थापना में करोड़ों का खर्च करने से कतरा रहा है।

### रोड़ कारीडोर बनाया जाए -सुशील सिंघल



वरिष्ठ समाजसेवी एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट सुशील सिंघल ने कहा है कि जबलपुर से बांधवगढ़ और बांधवगढ़ से शहडोल, शहडोल से अमरकंटक एवं बांधवगढ़ से सरसी का कॉरिडोर बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाल के विकास के लिए रोड कनेक्टिविटी बेहतर होना जरूरी है। श्री सिंघल ने कहा कि बड़े अफसोस की बात है कि उमरिया शहडोल नेशनल हाईवे का निर्माण पिछले 9 -10 वर्षों से अधूरा है और तमाम प्रयासों के बावजूद तथा प्रभारी मंत्री व उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के निर्देशों के बावजूद यह हाईवे कंप्लीट नहीं हो रहा है। यदि विकास चाहिए तो सांसद विधायक एवं अन्य जन प्रतिनिधियों को जागरूक होना पड़ेगा।

### बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा- अनिल गुप्ता



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल गुप्ता ने कहा है कि शहडोल संभाग में सड़क की बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विकास के प्रति बहुत ही संवेदनशील है यदि सभी जनप्रतिनिधि मिलकर मुख्यमंत्री से अपनी बात रखें तो अमरकंटक बांधवगढ़ एवं सरसी के लिए मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ एव महाराष्ट्र के बड़े शहरों से रोड कनेक्टिविटी के लिए प्रोजेक्ट को हरी झंडी मिल सकती है। श्री गुप्ता ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर हमारे शहरों में संभाग में पर्यटन उद्योग की असीम संभावनाएं हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने से हमारी इकोनॉमी भी अच्छी होगी। बांधवगढ़ जैसे नेशनल पार्क अमरकंटक और सरसी को जोड़ने वाली कॉरिडोर का निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में मेरा प्रयास होगा कि सांसद एवं विधायकों के संयुक्त हस्ताक्षर से ज्ञापन तैयार कर मुख्यमंत्री को रोड कनेक्टिविटी के संबंध सौंपा जाए।

### नर्मदा प्रगति पथ बेहतर कनेक्टिविटी देगा - संजय मित्तल



जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा है कि फरवरी 2022 में मध्य प्रदेश कैबिनेट ने 906 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे के निर्माण को मंजूरी दी थी, जिसका नाम नर्मदा प्रगति पथ रखा गया है। वर्तमान में, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है, और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अभी शुरू होनी है।

नर्मदा एक्सप्रेसवे भारतमाला परियोजना (बीएमपी) के तहत एक नई परियोजना है जिसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा शुरू किया गया है। यह मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी के किनारे बनाया गया एक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे है। यह 6-लेन का एक्सप्रेस-कंट्रोल्ड हाईवे होगा जो राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इस पहल को क्षेत्र में बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करने और समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

### जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से रोड कनेक्टिविटी जीरो- मनजीत



प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी सरदार मनजीत सिंह का कहना है कि शहडोल से कहीं भी जाने के लिए कोई रोड कनेक्टिविटी नहीं है। जो सफर में हमें समय 45 मिनट का लगना चाहिए उसमें 3 घंटे का समय लग रहा है । 5 रेलवे फाटक पड रहे। जबलपुर जाने में शहडोल में कनेक्टिविटी जीरो है । शहडोल, अनूपपुर में अभी फिल्म सिटी वाले आए थे दो फिल्में बनी है । हमारे होटल में वह रुके थे। वह लोग कनेक्टिविटी की वजह से बहुत ज्यादा नाराज थे। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में लोकेशन बहुत अच्छा है लेकिन कनेक्टिविटी जीरो। उन्होंने बताया कि वैनलिटी वैन आई थी भोपाल से तो बहुत दिक्कत गई। श्री मनजीत ने अफसोस जारी करते हुये कहा कि हमारे जनप्रतिनिधियों का कोई प्रयास नहीं है यहां फोरलेन और सिक्स लेन बनाना शहडोल संभाग वासियों का सपना ही रह जाएगा।

### शहडोल संभाग रोड क्रांति से हमेशा अछूता रहा- मनीष केजरीवाल



विकसित भारत में फोरलेन सिक्स लेन एट लेन बन रहे हैं इसका फायदा कुछ बड़े शहरों तक की कीमत है और कुछ विशेष राज्यों तक दूसरे जो छोटे शहर हैं उनको इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है विशेष तौर पर शहडोल को क्योंकि शहडोल से बड़े शहर जो भी कनेक्ट होते हैं उनके रोड की स्थिति इन 20 25 सालों में जब से मैं देख रहा हूं कभी भी अच्छी नहीं रही शहडोल से कटनी जाना हो जबलपुर जाना हो रायपुर जाना हो प्रयागराज जाना हो कहीं भी जाना हो कभी भी रोड अच्छी नहीं मिली है अगर कहीं अच्छी रोड है तो बीच-बीच में उसके हिस्से खराब है शहडोल संभाग रोड क्रांति से अछूता है देश में रोड बन रही है लेकिन जब तक सभी राज्यों में छोटे शहरों में तरक्की ना दिखे तब तक वह तरक्की नहीं कहलाती उम्मीद है कि जल्दी शहडोल को भी जनप्रतिनिधियों के प्रयाससे रोड मिलेगी और हम भी शहडोल संभाग वीडियो के लिए सफर म सुगम जाएगा।

### छत्तीसगढ़ से भी अच्छी कनेक्टिविटी चाहिए-चारू



समाजसेवी अभिषेक प्रताप तिवारी (चारु) ने कहा है कि रायपुर से शहडोल तक हमको फोरलेन चाहिए क्योंकि इस मार्ग से बड़े काम आते हैं। शहडोल से जबलपुर की रोड अभी तक बनी नहीं है। जबलपुर, शहडोल,रीवा इन तीन शहरों से कनेक्ट करने से इंडस्ट्रियल एरिया के मामले में शहडोल नंबर वन हो जाएगा और यहां के जो मजदूर है उनको इंडस्ट्रीज मिलेगी जिससे उन्हें फायदा होगा। हमको छत्तीसगढ़ से अच्छी कनेक्टिविटी चाहिए।

### बिलासपुर, कटनी, रीवा का कारीडोर बने-अमित बजाज



चार्टेड एकाउण्टेन्ट अमित बजाज ने कहा है कि बिलासपुर से सारे रूट लगभग कनेक्ट है । शहडोल से बिलासपुर कटनी और रीवा एक कॉरिडोर यहां बनना चाहिए जिससे कनेक्टिविटी अन्य स्थानों में हो जाएगी। हमारा शहडोल ही है जो अभी तक कनेक्टिविटी से अछूता है। फोरलेन और सिक्सलेन हो जाने से ट्रांसपोर्टिंग भी बढ़ेगी। एक कॉरिडोर बनेगा तो उससे टूरिज्म भी बनेगा जैसे अमरकंटक,बांधवगढ़,सरसी आईलैंड टूरिज्म और व्यापार दोनों में बढ़ोतरी होगी गवर्नमेंट को शहडोल पर ध्यान देना चाहिए और यहां के जनप्रतिनिधियों को भी प्रमुखता से मांग उठानी चाहिए।

### लीडरशिप की उदासीनता - डॉ. राजेश पाण्डेय



सेवानिवृत्त वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेश पाण्डेय ने कहा है कि शहडोल से किसी भी दिशा में जाना हो तो अच्छी रोड नही है। बड़ी मुश्किल से रीवा रोड का काम हुआ भी तो अधूरा, फोरलेन होना चाहिए था। रायपुर जाना तो अभी भी दुस्वप्न की तरह प्रतीत होता है। सड़को के मामले में ही नही औद्योगिक विकास भी यहां के जनता के नसीब मे नहीं है। शायद लीडरशिप की उदासीनता है। डॉ. पाण्डेय की एक कविता बहुत कुछ कहती है- विकास के नाम पर क्या होता है जब भी होता है चुनाव होता है। उन्होनें कहा है कि संभाग के जन प्रतिनिधियों को जागरूक होना होगा तभी हम विकास के सपनों को साकार कर सकेंगे।

## हाथियों के उत्पात से चंदोला गांव की गेहूं फसल को नुकसान

**विजय मत, ब्यौहारी।**

ब्यौहारी के चंदोला गांव में हाथियों के उत्पात ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है, लेकिन वन विभाग की सक्रियता से स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। इस प्रकार की घटनाएं केवल स्थानीय कृषि पर ही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय पारिस्थितिकी पर भी प्रभाव डालती हैं।

शहडोल के ब्यौहारी वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात बढ़ता जा रहा है, जिससे चंदोला गांव के किसानों की गेहूं की फसल को व्यापक नुकसान हुआ है। वन विभाग ने इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गांव में मुनादी करवाई गई है, ताकि स्थानीय निवासियों को इस बारे में जागरूक किया जा सके।एसडीओ रेशम सिंह धुर्वे ने बताया कि हमारी तीन टीमें इस क्षेत्र में हाथियों की निगरानी के लिए सक्रिय हैं। पिछले



कुछ महीनों से हाथियों का एक झुंड यहां विचरण कर रहा है, जिसकी संख्या डेढ़ दर्जन से अधिक है। हमने मंगलवार को सुबह कई गांव में मुनादी करवाई है ताकि किसान सतर्क रह सकें।

### हाथियों का बढ़ता आतंक

पिछले कुछ समय से चंदोला गांव और आसपास के इलाकों में हाथियों के कारण किसानों में चिंता बढ़ गई है। हाल ही में, हाथियों ने कई खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को बर्बाद कर दिया, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। पुलिस और वन विभाग की टीमों ने सोमवार की शाम को समधिन नदी के किनारे हाथियों के झुंड को देखा, जब वे शहडोल-रीवा मार्ग पर विचरण कर रहे थे। जिसे देखकर कुछ लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे में इस नजारे को कैद किया तो कुछ लोग डर के मारे वहां से भाग खड़े हुए।

### वन विभाग की सक्रियता

वन विभाग ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की है। विभाग की टीमें मौके पर पहुंची और सुनिश्चित किया कि हाथी जंगलों की ओर वापस लौट जाएं। वन विभाग के एसडीओ ने यह भी बताया कि हम नुकसान का पंचनामा तैयार कर रहे हैं, ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजे की राशि दिलाई जा सके।हालांकि जंगली हाथियों द्वारा फसल को होने वाले नुकसान की समस्या गंभीर है, लेकिन वन विभाग का मानना है कि हाथियों की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है। वन्य जीवन के संरक्षण के लिए जरूरी है कि मानव और वन्य जीवों के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। वन विभाग ने स्थानीय किसानों से अपील की है कि वे धैर्य बनाए रखें और हाथियों के प्रति संवेदनशील रहें।

## अनियंत्रित मिनी ट्रक खाई में गिरा, चालक-परिचालक गंभीर

**विजय मत, शहडोल।**

मंगलवार की सुबह सिंहपुर थाना क्षेत्र के पतखई घाट में एक लोहे से लोड मिनी ट्रक 60 फीट गहरी खाई में गिर गया। घटना सुबह लगभग 10 बजे हुई, जब सड़क से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने इस दुर्घटना को देखा और तुरंत मदद के लिए जुट गए। स्थानीय निवासियों ने बड़ी मेहनत के बाद चालक और परिचालक को ट्रक के नीचे से निकाला।मौके पर पहुंचे लोगों ने बताया कि मिनी ट्रक का क्रमांक एचआर 55 ए के 3330 रायपुर से शहडोल की ओर लोहा लोड करके जा रहा था। तभी ट्रक के चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और वह सीधे खाई में जाकर गिर गया। चश्मदीद राजू पनिका ने बताया कि ट्रक अचानक घाट में अनियंत्रित हो गया और सीधे खाई में गिर गया। चालक और परिचालक बुरी तरह से ट्रक के नीचे फंस गए थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत कार्रवाई करते




हुए नीचे उतरकर दोनों को निकालने में मदद की।घटनास्थल पर जमा हुए लोगों की संख्या तेजी से बढ़ गई और कई लोग मदद के लिए आगे आए। घटना के समय सड़क पर मौजूद लोगों ने कहा कि हमने देखा कि ट्रक खाई में गिर गया है और तुरंत नीचे उतरने का फैसला किया। हम सभी ने मिलकर घायलों को ट्रक से बाहर निकालने और चालक तथा परिचालक को सुरक्षित निकालने का प्रयास किया है।इधर, सूचना मिलने के बाद सिंहपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

**जनसुनवाई** — **नगरपालिका के फरमान से बेरोजगार हुये लोगों ने कलेक्टर से लगाई गुहार**

# फूड स्टाल बंद होने से रोजी रोटी का आ गया संकट

**विजय मत, शहडोल।**

कलेक्टर को देखने तरसते थे फरियादी शहडोल।कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।



### बिजली उपभोक्ताओं ने की फरियाद

जनसुनवाई में सोहागपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पिपरिया के सरपंच, उपसरपंच सहित अन्य लोगों ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि उनके ग्राम पंचायत पिपरिया के वार्ड क्रमांक 12,13, 14, एवं 15 में लगभग 100 से अधिक घर की बस्ती है। जिसमें बिजली सप्लाई हेतु केवल एक ट्रान्सफर्मर लगा हुआ है एवं सभी घरों में बिजली का कनेक्शन एक ही ट्रांसफर्मर से दिया गया। उन्होनें बताया कि एक ट्रांसफार्मर से उनकी बस्ती के सभी घरों के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली की सप्लाई नहीं कर पा रहा हैं जिस कारण से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं। उनका कहना था कि उनकी बस्ती में एक और ट्रांसफार्मर लगा दिया जाए। जिस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### जिला जेल के सामने 18 महीने से लगाते थे फूड स्टाल

जनसुनवाई में राहुल प्रजापति, आकाश वर्मन, शनि चौधरी एवं सत्यम वर्मन ने संयुक्त रूप से कलेक्टर को आवेदन हेते हुए बताया कि वे लगभग 18 महीने से जिला जेल के सामने अलग-अलग प्रकार के फूड स्टॉल लगाते आ रहे हैं एवं उनकी आय का एक मात्र साधन फूड स्टॉल ही है, जिससे उनके परिवार का पालन पोषण हो रहा है। उन्होनें बताया कि 09 अप्रैल 2025 को नगरपलिका द्वारा फूड स्टॉल हटाने का निर्देश दिया गया था। जिसके बाद अभी तक हमारा फूड स्टॉल नहीं लगा है। जिस कारण से हमारी आय का साधन ही समाप्त हो गया है एवं परिवार का पालन पोषण करने में काफी समस्याओं का समना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि उन्हें पुनः स्टाल लगाने की अनुमति प्रदान की जाए। जिस पर कलेक्टर ने नगरपालिका अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार कलेक्टर ने जन सुनवाई में अन्य आवेदनों की भी सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

# दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स में मुकाबला आज

**नई दिल्ली, एजेंसी**




दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली इस सत्र में अब तक एक ही मैच हारी है। पिछले मैच में उसे अच्छे प्रदर्शन के बाद भी मुम्बई इंडियंस से मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं अब घरेल मैदान पर होने वाले इस मैच में कैपिटल्स जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। अक्षर पटेल की कप्तानी में उतरी दिल्ली के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज है जिससे वह राजस्थान पर भारी पड़ेगी।


पिछले मैच में टीम की ओर से स्पिनर कुलदीप यादव और युवा विपराज निगम ने अच्छा प्रदर्शन किया था जिसे वह इस सत्र में भी बनाये रखना चाहेंगे। अक्षर पिछले मैच में विकेट नहीं ले ये थे और वह ये कमी इस मैच में पूरी करना चाहेंगे। इसके अलावा वह बल्लेबाजी में भी विफल रहे थे। युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क लय को भी अगर बने रहना तो रन बनाने होंगे। अब तक वह 50 रन भी नहीं बना पाये हैं। पिछले मैच में करुण नायर ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर 82 न बनाये थे। अब इस मैच में भी उनका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। मध्यक्रम में केएल राहुल ,ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा पिछले मैच में विफल रहे थे पर इस मैच में इनको रन बनाने होंगे। वहीं दूसरी ओर संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स की राह आसन नहीं है। वह छह में से केवल दो मैच ही जीती है, इससे उसका मनोबल कमजोर हुआ है। इस प्रकार वह आठवें स्थान पर फिसल गयी है। रॉयल्स के बल्लेबाज और गेंदबाज अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं। यशस्वी जायसवाल केवल एक मैच में ही अर्धशतक बना पाये हैं।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**दिल्ली कैपिटल्स**-अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगुर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव।

**राजस्थान रॉयल्स**-संजू सैमसन (कप्तान), रियान पराग, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल राठौड़, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, युद्धवीर सिंह, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, क्वेना मफाका, अशोक शर्मा, संदीप शर्मा।

## जम्पा चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर हुए



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे हुए सत्र से बाहर हो गये हैं। जम्पा के कंधे में खिंचाव आया है। इसी कारण राजस्थान रॉयल्स के साथ खेले गए मैच में उन्हें गेंदबाजी के दौरान परेशानी आई। इसके बाद वह स्वदेश लौट गये हैं। जम्पा ने इस टूर्नामेंट के पहले दो मैचों में इम्पैक्ट सब के रूप में खेलते हुए 48 और 46 रन देकर एक-एक विकेट लिया था। जंपा जैसे अनुभवी स्पिनर का बाहर होना खिलाड़ियों के खराब फार्म से जूझ रही सनराइजर्स के लिए भी करारा झटका है। पहले माना जा रहा था कि जम्पा थोड़े आराम के बाद आईपीएल में वापसी करेंगे पर अब इसकी संभावना समाप्त हो गये है क्योंकि सनराइजर्स ने उनकी जगह कर्नाटक के बल्लेबाज आर स्मरण को टीम में शामिल कर लिया है।

**फुटबॉल**



नेपल्स में सीरीज ए फुटबॉल मैच में खेलते हुए नेपोली और इमपोली के खिलाड़ी।

## श्रेयस बने आईसीसी के मार्च महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को मार्च महीने के आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला है। श्रेयस ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रविंद्र को पीछे छोड़ा। अय्यर ने चैम्पियंस ट्रॉफी में आक्रामकम बल्लेबाजी करते हुए टूर्नामेंट में सबसे अधिक 243 रन बनाये थे और भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अय्यर ने ये प्ररस्कार मिलने पर खुशी जतायी है। उन्होंने कहा, मैं मार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चयनित किये जाने पर सम्मानित अनुभव कर रहा हूं। यह इसलिए विशेष है क्योंकि तभी हमने चैम्पयंस ट्रॉफी जीती थी। ये एक ऐसा पल जिसे हमेशा संजोकर रखना होगा। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 79 गेंद पर ही 98 रन बनाये थे। इसी तरह उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 45 गेंदों में 62 रन बनाये थे। फाइनल में भी अय्यर खासे सफल रहे।

## मुझे आईपीएल में पुराने अनुभवों का लाभ मिला: करुण नायर

**मुम्बई, एजेंसी**



आईपीएल के इस सत्र में शानदार पारी खेलकर वापसी करने वाले करुण नायर ने कहा है कि उन्हें अपने पुराने अनुभवों का लाभ मिला। इसलिए उन्हें सत्र के पहले मैच में कोई परेशानी नहीं आई। इसका कारण है कि वह मानसिक रुप से खेलने के लिये पूरी तरह से तैयार थे और उन्हें पता था कि कैसे खेलना है । करुण तीन साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे थे, ऐसे उनके प्रदर्शन को लेकर आशंकाएं जाहिर की जा रहीं थी। करुण ने 2022 में अंतिम बार आईपीएल खेला था। उसके बाद उन्हें अवसर नहीं मिला था हालांकि घरेलू क्रिकेट में इस बची उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। वापसी के अपने पहले ही मैच में करण ने अपनी 89 रनों की पारी से सभी को प्रभावित किया। इस दौरान उन्होंने जसप्रीत बुमराह जैसो गेंदबाज पर भी जमकर शॉट लगाये। एक ओवर में बुमराह पर दो छक्के लगाने की क्षमा सभी में नहीं होती पर करूण ने यह कर दिखाया। उनके इस प्रदर्शन का कारण घरेलू क्रिकेट का शानदार प्रदर्शन भी है जिसमें उन्होंने विदर्भ के लिए विभिन्न प्रारूपों में पिछले सत्र में 1870 रन बनाए। इस कारण उनका मनोबल बढ़ा हुआ था।

करूण ने कहा, 'मुझे आईपीएल में पहले खेलने का लाभ मिला। इससे मुझे पता था कि कैसे खेलना है। मेरे लिए कुछ भी नया नहीं था। मेरे दिमाग में तैयारी पूरी थी। बस मौके का इंतजार था। कुछ गेंद खेलकर फिर लय में आने की बात थी। वर्ष 2022 में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे करूण ने पावरप्ले के दौरान पारंपरिक शॉट्स खेलने के बारे में कहा, 'मैं अपने से यही कह रहा था कि समय दो, आम शॉट खेलो और उसके बाद तेजी से खेल सकते हो। सब कुछ वैसे ही हुआ।

## आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे पर जाएगी भारतीय टीम

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम का आगे का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। टीम को आईपीएल के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इससे 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत होगी। भारतीय टीम इस बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में नहीं पहुंच पाई है इसलिए उसका लक्ष्य नये सत्र की अच्छी शुरुआत करना रहेगा। इसके अलावा भारतीय टीम 18 साल के अंतराल के बाद पटौदी ट्रॉफी भी जीतना चाहेगी क्योंकि 2021-22 में वे इसे बहुत कम अंतर से हार गए थे। यह सीरीज रेड-बॉल क्रिकेट में देश के लिए नई शुरुआत भी कर सकती है।

## गावस्कर ने पाटीदार के रवैये की प्रशंसा की

**मुम्बई, एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार की जमकर प्रशंसा की है। गावस्कर ने कहा है कि पाटीदार ने काफी अच्छी कप्तानी की है। उनके सहज रवैए से टीम ने इस सत्र में अब तक अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। पाटीदार ने टीम में नया उत्साह जगह है जिससे वह बड़े हुए मनोबल से उतर रही है। इस बार आरसीबी ने 17 साल के बाद चेन्नई के चेपॉक में जीत हासिल करने के अलावा वानखेड़े स्टेडियम में भी जीत हासिल की है। वानखेड़े में ये जीत टीम को पिछले सत्रों में छह मैचों की हार के बाद मिली है। गावस्कर ने कहा,''कप्तान के रूप में पाटीदार काफी कुशल हैं। उनकी टीम ने पिछले 17 साल में खिताब नहीं जीता है और अब उसके खिलाड़ी समझ रहे हैं कि जीतने के लिए क्या करना चाहियेहै। एक सहज और संयमित कप्तान के साथ टीम के साथ जुड़े अन्य खिलाड़ी भी अपनी ओर से सवश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास कर रहे हैं।'' गावस्कर ने टीम मेंटर दिनेश कार्तिक के कामकाज को भी सराहा। उन्होंने कहा, ''आरसीबी के पास कई अनुभवी लोग हैं जो हमेशा सहायता करने के लिए तैयार रहते हैं। उसके पास मजबूत सहयोगी स्टाफ है। उसके सहयोगी स्टाफ में कार्तिक जैसा व्यक्ति है जिसके प्रभाव को लेकर लोगों को अधिक जानकारी नहीं है।'' गावस्कर ने कहा, '' कार्तिक ऐसे मेंटर हैं जो युवा खिलाड़ियों के साथ समय बिताते हैंहै। उनका मार्गदर्शन करते है और उन्हें जरुरी सलाह देते हैं। । पाटीदार की को एक ऐसी टीम मिली है जो जीत चाहती है। '' साथ ही कहा कि अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहले के बड़े शॉट खेलने से भी काफी अलग प्रभाव पड़ा है।

# बिजनेस

## महंगाई दर मार्च में कम होकर 2.05 फीसदी, थोक महंगाई में गिरावट दिखी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर मार्च में कम होकर 2.05 फीसदी हो गई है, जो कि फरवरी में 2.38 फीसदी पर थी। वाणिज्य और इंडस्ट्री मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में थोक महंगाई दर के सकारात्मक रहने की वजह मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की कीमतों में इजाफा होना है।

2025 की फरवरी की तुलना में मार्च में महंगाई दर में 0.19 फीसदी की कमी आई है, जो कि महंगाई में कमी को दिखाता है। सरकारी डेटा के मुताबिक फरवरी के मुकाबले मार्च में ईंधन और ऊर्ज समूहों की कीमत में कमी आई, जिससे कारण मार्च में थोक महंगाई में गिरावट देखने को मिली है। बीते हफ्ते आरबीआई गवर्नर ने मौद्रिक नीति का ऐलान करते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई दर के अनुमान को 4.2 फीसदी से घटाकर 4 फीसदी कर दिया था।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि खाद्य महंगाई दर में तेज गिरावट के बाद जनवरी-फरवरी 2025 के दौरान मुख्य महंगाई दर में कमी आई है। उन्होंने आगे कहा कि खरीफ की मजबूत आवक के साथ, इससे खाद्य महंगाई दर में स्थायी नरमी आने की उम्मीद है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट महंगाई के आउटलुक के लिए शुभ संकेत है। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए और सामान्य मानसून को मानते हुए, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा महंगाई 4 फीसदी पर रहने का अनुमान है, जिसमें पहली तिमाही 3.6 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 3.9 फीसदी, तीसरी तिमाही 3.8 फीसदी और चौथी तिमाही 4.4 फीसदी रह सकती है।

## सेंसेक्स 1578 अंक ऊपर 76,735 पर बंद
## निफ्टी 500 अंक चढ़कर 23,329 पर पहुंचा

### एनएसई का रियल्टी इंडेक्स 6 प्रतिशत चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**



शेयर बाजार में आज यानी मंगलवार, 15 अप्रैल को बड़ी तेजी रही। सेंसेक्स 1578 अंक (2.10 प्रतिशत) चढ़कर 76,735 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 500 अंक (2.19 प्रतिशत) की तेजी रही, ये 23,329 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी रही। इंडसइंड बैंक में 6.70 प्रतिशत, टाटा मोटर्स में 4.61 प्रतिशत, लार्सन एंड टुब्रो में 4.50 प्रतिशत, एक्सिस बैंक में 4.23 प्रतिशत और अडाणी पोर्ट्स में 4.13 प्रतिशत की तेजी रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 49 में तेजी रही। एनएसई के सेक्टोरल इंडाइसेज में सबसे ज्यादा तेजी रियल्टी में 5.64 प्रतिशत, ऑटो में 3.39 प्रतिशत, फाइनेंशियल सर्विसेज में 3.28 प्रतिशत, मेटल में 3.20 प्रतिशत और मीडिया में 2.97 प्रतिशत की रही।

पिछले हफ्ते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (11 अप्रैल) को सेंसेक्स 1310 अंक (1.77 प्रतिशत) की तेजी के साथ 75,157 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी करीब 429 अंकों की तेजी रही, ये 22,829 के स्तर पर पहुंच गया।

एनएसई के 50 शेयरों में से 46 में तेजी रही। मेटल सेक्टर सबसे ज्यादा 4.09 प्रतिशत, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 3.19 प्रतिशत, फार्मा 2.43 प्रतिशत, ऑयल एंड गैस 2.20 प्रतिशत और ऑटो 2.03 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। कल (14 अप्रैल) अंबेडकर जयंती के चलते शेयर बाजार बंद था।

### रुपया पिछले कारोबारी दिन 58 पैसे बढ़कर 86.10 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था

## रुपया 39 पैसे की बढ़त के साथ 85.71 डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने से रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 39 पैसे की बढ़त के साथ 85.71 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निकासी के बावजूद कमजोर अमेरिकी मुद्रा ने स्थानीय मुद्रा को बल दिया। उन्होंने रुपये की मजबूती का श्रेय अमेरिकी प्रशासन के भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क को नौ जुलाई तक टालने को भी दिया।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.85 प्रति डॉलर पर मजबूती के साथ खुला और शुरुआती कारोबार में 85.71 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 39 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को 58 पैसे की जोरदार बढ़त के साथ 86.10 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। आंबेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत चढ़ा लेकिन 100 से नीचे 99.46 पर ही रहा।

## रिवोल्ट मोटर्स ने नेपाल में खोली डीलरशिप

**मुंबई।** इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रिवोल्ट मोटर्स ने नेपाल की राजधानी काठमांडू में अपनी पहली डीलरशिप मंगलवार को खोल दी है। रिवोल्ट मोटर्स के अनुसार कंपनी ने नेपाल के मोटर वाहन उद्योग में अग्रणी नाम एमवी दुगर ग्रुप के साथ रणनीतिक साझेदारी से पड़ोसी देश में कदम रखा है। कंपनी ने कहा कि काठमांडू के बाद इसका नेपाल में तेजी से विस्तार होगा।

## वित्त वर्ष 2024-25 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर दो प्रतिशत बढ़कर 43,01,848 इकाई हो गई। उद्योग निकाय सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में थोक बिक्री 42,18,750 इकाई रही थी। यात्री वाहनों की थोक बिक्री मार्च महीने में 3,81,358 इकाई रही, जो मार्च 2024 के 3,68,090 वाहनों से चार प्रतिशत अधिक है।

## एईटीएल को पीजीवीसीएल से मिली दो बिजली आपूर्ति परियोजनाएं

**नई दिल्ली।** अद्वैत एनर्जी ट्रांजिशन्स लिमिटेड (एईटीएल) ने कहा कि उसे पश्चिम गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (पीजीवीसीएल) से दो बिजली आपूर्ति परियोजनाएं हासिल हुई है। कंपनी ने बयान में कहा कि उसे दो प्रमुख बिजली आपूर्ति परियोजनाओं के लिए एल1 (सबसे कम बोली लगाने वाला) के तौर पर चुना गया। इसमें पीजीवीसीएल के नेटवर्क के भीतर दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए 11 केवी (किलोवोल्ट) मध्यम वोल्टेज कवर कंडक्टर तथा उसके सहायक उपकरण की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण व उसे चालू करना शामिल है।

### अच्छा प्रदर्शन निप्पान इंडिया म्युचुअल फंड का रहा

## म्युचुअल फंड में जोरदार ग्रोथ, एयूएम 25 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**




वित्त वर्ष 2025 के दौरान, म्युचुअल फंड इंडस्ट्री ने एक बेहतरीन उछाल देखा, जिसके परिणामस्वरूप कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में 25 फीसदी की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस ग्रोथ का मुख्य कारण थी कुछ चुनिंदा म्युचुअल फंड कंपनियों की तेज रफ्तार ग्रोथ, जिनमें सबसे अच्छा प्रदर्शन निप्पान इंडिया म्युचुअल फंड का रहा। निप्पान इंडिया ने वित्त वर्ष 25 में 29 फीसदी की बढ़त हासिल की और मार्च 2025 तिमाही में उनका एयूएम 5.6 लाख करोड़ पहुंच गया। दूसरे सबसे बड़े फंड हाउस आईसीआईसीआई प्रूडेंशल म्युचुअल फंड ने भी अच्छे प्रदर्शन किया और उनका एयूएम साल भर में 2 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया। इस दौरान टाटा, कोटक और एचडीएफसी म्युचुअल फंड ने भी एयूएम में बढ़ोतरी देखी। सबसे तेज ग्रोथ दर्ज करने वाली मोतीलाल ओसवाल, पीपीएफएस म्युचुअल फंड में भी बढ़ोतरी देखी गई। यह वृद्धि उस समय हुई जब बाजार में करेक्शन की वजह से एयूएम में थोड़ी गिरावट देखने को मिली थी, लेकिन इंडस्ट्री ने भारी ग्रोथ की दिखाई।

### देशी घी के भाव में लगभग 500 रुपये प्रति टिन तक की बढ़त

## डेयरी में दूध की कमी से देशी घी की कीमतों में तेजी

**जयपुर, एजेंसी**



उत्तर भारत की डेयरियों में दूध उत्पादन में गिरावट आने से देशी घी की बाजार में कीमत अचानक बढ़ गई हैं। होली के बाद से अब तक ब्रांडेड देशी घी के भाव में लगभग 500 रुपये प्रति टिन तक की बढ़त हो गई है। कारोबारियों ने कहा कि गर्मियों में दूध की कमी और मांग स्थिर रहने से घी की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। इससे खुदरा विक्रेताओं की गिरावट देखने को मिल रही है, कहां यहां खरीदार भी धीरे-धीरे विचलित हो रहे हैं। जिन लोगों को प्रतिदिन लगभग 10 टिन घी बेचने की आदत थी, वे अब मुश्किल से दो टिन भी बेच पा रहे हैं। इसमें बाजार में और भी तेजी की आशंकाएं शामिल हैं, जो खरीदारों को खरीदारी से पीछे हटा रही हैं। वैश्विक स्तर पर देशी घी की मांग भी बढ़ रही है, जिसमें मिस्र सबसे बड़ा आयातक है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा घी उत्पादक देश होता है और सरकार भी इस उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने में रुचि ले रही है। डेयरी विशेषज्ञों के अनुसार भारत में दूध का वार्षिक उत्पादन 23 करोड़ टन तक पहुंच गया है। स्थानीय डेयरी उत्पाद बाजार में कृष्णा घी की कीमत लगभग 8745 रुपये प्रति 15 किलो टिन और महान घी की कीमत लगभग 9000 रुपये प्रति 15 किलो टिन तक पहुंच गई है। बाजार विश्लेषक दर्शाते हैं कि अगर दूध की आवक में सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में देशी घी की कीमतों में और भी वृद्धि हो सकती है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### 12.69 ग्राम हेरोईन के साथ पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार

रायपुर। प्रतिबंधित हेरोईन के साथ पंजाब के 2 तस्करों को आमानाका पुलिस ने टाटीबंध स्थित काका ढ़ाबा के पास सुलभ शौचालय के पीछे से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम धर्मेन्द्र सिंह 44 निवासी माखन विण्डी थाना जांडियाला गुरू व अमृतपाल सिंह 32 निवासी धरदेव थाना मेहता चौक जिला अमृतसर पंजाब का रहने वाला बताया। इनके पास से पुलिस ने 12.69 ग्राम हेरोईन, 1 तौल मशीन, बिक्री रकम जब्त किया, कुल कीमत 1,28,900 रूपए है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 21 (बी) नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने द्वारा हेरोईन को अमृतसर पंजाब से लाना बताया गया।

### सूने मकान से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर। भनपुरी स्थित दुर्गा चौक गोवर्धन नगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 10 हजार सहित हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी केअनुसार प्रार्थी विरेन्द्र कुमार सिन्हा 32 वर्ष दुर्गा चौक गोवर्धन नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर व मोबाइल फोन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बीरगांव में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मनाई गई जयंती

बीरगांव। बीरगांव मे संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को पुष्पांजलि कर जयंती मनाई गई बाबा साहेब की प्रतिमा को नमन कर पुष्पाजलि अर्पित की गई संविधान निमार्ता बाबा साहेब ने सदियों से चल रही गैरबराबरी और छुआछूत जैसी कुप्रथाओं को समाप्त कराया, बाबा साहेब का जीवन हर वर्ग के लिये प्रेरणादायी है यह जानकारी बीरगांव निगम के जल प्रभारी इकराम अहमद ने दी है कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से पुर्व विधायक धनेंद्र साहू,श्रीमती अनीता शर्मा,राज्य सभा सदस्य श्रीमती छाया वर्मा,पुर्व जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष उघो वर्मा,बिरगांव महापौर नंदलाल देवांगन, सभापति कृपा राम निषाद, योगेंद्र सोलंकी,युवा अध्यक्ष संतोष साहू,अविनाश निहाल के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथैरेपी सेंटर में मिल रही राहत

रायपुर। उम्र के एक पड़ाव में आने के बाद मनुष्य के शरीर की मांसपेशियां और हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में अगर छोटे-मोटे हादसे हो जाए, तो फिर समस्या और बढ़ जाती है। मांसपेशियों में दर्द, कमजोरी या हड्डियों में फ्रैक्चर के बाद अपने शरीर को पहले की भांति करने के लिए लोग डॉक्टरी सलाह पर फिजियोथैरेपी कराने जाते हैं। ऐसे ही लोगों को महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथैरेपी सेंटर में आकर बड़ी राहत मिल रही है। यहां लगातार आकर इलाज कराने व डॉक्टरों की देखरेख में अभ्यास करते हुए दर्द भूलकर मुस्कुराते हुए अपने घर लौट रहे हैं। जी.. हां..., महाराष्ट्र मंडल सभी नागरिकों, जरूरतमंद लोगों- मरीजों को न्यूनतम फीस पर अत्याधुनिक मशीनों के साथ फिजियोथेरेपी सेंटर की सुविधा व सेवाएं दे रहा है। यहां सिद्धहस्त डा. अंकिता काले और डा. संगीता कश्यप की देखरेख में लोगों की फिजियोथैरेपी की जा रही है। सुबह नौ से शाम चीर बजे तक लोग यहां आ रहे हैं।

महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथैरेपी सेंटर पहुंचे पीए मांडगे ने कहा कि बारिश में वे घर से निकले। एक हाथ में छाता और एक हाथ में डायरी थी। उनका पैर स्लीप हुआ और वे पीछे की ओर गिर गया। इससे उनके कंधे में चोट आई।

## ऐन सुशासन तिहार के बीच बदले गए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सचिव

# मुकेश बंसल से छीना अहम प्रभार, रजत कुमार की ताकत में इजाफा

- 6 जिलों के डिप्टी-अपर और ज्वाइंट कलेक्टर्स का भी तबादला

*छत्तीसगढ़ की ब्यूरोक्रेसी में एक बार फिर बड़ी हलचल देखने को मिली है। नवा रायपुर से निकले एक आदेश ने प्रशासनिक गलियारों में चचाओं का दौर तेज कर दिया है। वित्त सचिव मुकेश कुमार बंसल से सामान्य प्रशासन विभाग का प्रभार छीन लिया गया है, जबकि यह एक ऐसा विभाग है जो नीतिगत फैसलों और पावर पॉलिटिक्स का केंद्र माना जाता है।*




**विजय मत,रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सेक्रेटरी मुकेश बंसल को सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव पद से हटा दिया गया है। उन्हें इस अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। उनकी जगह आईएएस अफसर रजत कुमार को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

#### इस संदर्भ में सामान्य प्रशासन

विभाग ने आदेश जारी किया है। वहीं, 6 जिलों के डिप्टी-अपर और ज्वाइंट कलेक्टर्स का भी तबादला किया गया है।

आदेश में स्पष्ट है कि मुकेश बंसल के पास वित्त विभाग के सचिव, सामान्य वाणिज्य कर आबकारी विभाग के सचिव और मुख्यमंत्री के सचिव की जिम्मेदारी पहले की तरह रहेगी। रजत कुमार के पास वाणिज्य एवं उद्योग और सार्वजनिक उपक्रम विभाग के सचिव और वाणिज्य एवं उद्योग रेल परियोजना विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार है। अब अतिरिक्त जिम्मेदारी भी मिली है।

#### गहरी रणनीति का हिस्सा है यह बदलाव:

सूत्रों की मानें तो बंसल को प्रभार से हटाना अचानक लिया गया फैसला नहीं, बल्कि इसके पीछे सत्ता के शीर्ष स्तर पर गहराई से चल रही रणनीति है। बंसल अब केवल वित्त विभाग, मुख्यमंत्री सचिवालय और वाणिज्यिक कर (आबकारी एवं पंजीयन को छोड़कर) जैसे विभागों तक सीमित रहेंगे।

#### प्रशासनिक शक्ति संतुलन का नया चेहरा बने रजत:

दूसरी ओर, अब रजत कुमार प्रशासनिक शक्ति संतुलन का नया चेहरा बनकर उभरे हैं। वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम और रेल परियोजनाओं जैसे भारी-भरकम विभागों के साथ अब उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग की कमान भी सौंप दी गई है। यह वही विभाग है जो नियुक्तियों, प्रशासनिक अनुशासन, और सरकारी निर्णयों के संचालन की धुरी है।

#### 6 जिलों के डिप्टी-अपर और ज्वाइंट कलेक्टर्स भी इधर से उधर...

- राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विनायक शर्मा को मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर का अपर कलेक्टर बनाया गया है।
- ममता यादव को बिलासपुर संयुक्त कलेक्टर।
- माधुरी सोम ठाकुर को कोरबा संयुक्त कलेक्टर।
- स्निग्धा तिवारी को जांजगीर चांपा संयुक्त कलेक्टर।
- अशोक कुमार मार्बल को सारंगढ़ बिलाईगढ़ डिप्टी कलेक्टर।
- गीता रायस्त को बस्तर संभागीय आयुक्त दफ्तर में उपायुक्त बनाया गया है।

**शराब घोटाला केस:** जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच में हुई जमानत आवेदन पर सुनवाई

# पासपोर्ट जमा करने जैसी कुछ शर्तों पर रिटायर्ड आईएएस टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**विजय मत,रायपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को जमानत दे दी है। ये जमानत छत्तीसगढ़ के कथित 2000 करोड़ के शराब घोटाला मामले में मिली है। हालांकि, पासपोर्ट जमा कराने समेत कुछ शर्तें भी रखी गई हैं।

मंगलवार को जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच में जमानत आवेदन पर सुनवाई हुई। इस बीच अनिल टुटेजा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के केस में राहत मिली है लेकिन शराब घोटाले मामले में ईओडब्लू जांच कर ही रही है। अनिल टुटेजा इस केस में जेल में बंद हैं, ऐसे में वे जमानत के बाद भी जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि, छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने 2 अप्रैल 2025 को विशेष अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें टुटेजा के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। हाई कोर्ट ने कहा था कि आरोप तय करने से पहले सरकार से अनुमति



(सीआरपीसी की धारा 197 के तहत) नहीं ली गई थी। धारा 197 के अनुसार, यदि कोई सरकारी अफसर अपने कार्य के दौरान किसी अपराध का आरोपी है तो कोर्ट में मुकदमा चलाने के लिए पहले सरकार से मंजूरी लेना जरूरी होता है।

सेंथिल बालाजी केस का हवाला दिया

#### यह है छत्तीसगढ़ का शराब घोटाला:

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी जांच कर रही है। ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया

#### अधिकतम 7 साल की कैद की सजा संभव:

पीठ ने कहा, ₹इस मामले में अधिकतम 7 साल की कैद की सजा हो सकती है। इसलिए सेंथिल बालाजी फैसले का सिद्धांत इस केस में भी लागू होगा। इसके अलावा, इसी तरह की स्थिति में, सुप्रीम कोर्ट ने 12 फरवरी, 2025 के आदेश में सह-आरोपी अरुणपति त्रिपाठी को भी जमानत दे दी है।

#### जमानत की शर्त- सुनवाई के दौरान पूरा सहयोग करना होगा

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को आदेश दिया कि टुटेजा को जमानत की प्रक्रिया के लिए संबंधित कोर्ट में पेश किया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि विशेष न्यायाधीश की अदालत अभी खाली है। इसके अलावा शर्तों में, पासपोर्ट सरेंडर करना और अदालत में सुनवाई के दौरान पूरा सहयोग करना शामिल है।

#### ईडी के वकील ने जमानत में विरोध में दिया ये तर्क

ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि, अनिल टुटेजा एक वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं, जो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने कोर्ट में टुटेजा पर नागरिक आपूर्ति निगम घोटाले में भी शामिल होने का आरोप लगाया और कहा कि वे गवाहों को प्रभावित करने और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने के लिए सक्षम हैं।

# रिंग रोड 02 में नो पार्किंग में खड़े मालवाहक वाहनों के विरूद्ध विशेष अभियान कार्यवाही जारी

**विजय मत,रायपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निदेशार्नुसार यातायात पुलिस रायपुर द्वारा वाले रिंग रोड नम्बर 02 में नो पार्किंग में लापरवाही पूर्वक खड़ी मालवाहक वाहनों के विरूद्ध लगातार दूसरे दिन भी विशेष अभियान कार्यवाही की गई।

उक्त अभियान कार्यवाही में यातायात थाना प्रभारी टाटीबंध एवं भनपुरी को लगाया गया है जिनके द्वारा दल-बल के साथ सुबह 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक विशेष अभियान चलाते हुए नो पार्किंग में लापरवाही पूर्वक खड़े 72 मालवाहक वाहनों के विरूद्ध मौके पर ही चालानी कार्यवाही की गई साथ ही 14 वाहनों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 285 के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण माननीय न्यायालय भेजने की कार्यवाही की गयी। बता दे कि रिंग रोड नम्बर 02 में भारी मालवाहक वाहन चालकों द्वारा लापरवाही पूर्वक यातायात को बाधित कर नो पार्किंग में वाहन खड़ी कर दिया जाता है जिससे उक्त मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी असुविधा होती है तथा हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है जिसे यातायात थाना टाटीबंध व भनपुरी के पेट्रोलिंग टीम द्वारा तथा हाईवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा लगातार एनाउंसमेंट कर भगाया जाता है। किन्तु कुछ वाहन चालकों द्वारा जानबूझ कर अपने वाहन को रिंग रोड में खड़ी कर यातायात को बाधित किया जाता है ऐसे वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस द्वारा समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जाती है। इसी क्रम में लगातार दूसरे भी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर डॉ. प्रशांत शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर उप पुसिल अधीक्षक यातायात रायपुर सतीष ठाकुर के नेतृत्व में थाना प्रभारी यातायात टाटीबंध निरीक्षक भुनेश्वर साहू द्वारा दल बल के साथ रिंग रोड नम्बर 02 में हीरापुर-कबीरनगर क्षेत्र में नो पार्किंग में खड़ी मालवाहक वाहनों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाते हुए विरूद्ध मौके पर ही चालानी कार्यवाही की गई।

# योजना का लाभ जरूरतमंद तक पहुंचे: मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

**विजय मत,रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बालोद जिले में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से तय समयसीमा में किया जाए, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुँच सके।बालोद स्थित सर्किट हाउस में आयोजित इस समीक्षा बैठक में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय योजनाएं सिर्फ दस्तावेजों तक सीमित न रह जाएं, बल्कि उनका प्रभाव धरातल पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। उन्होंने सभी परियोजना अधिकारियों और सेक्टर




सुपरवाइजरों को नियमित फील्ड विजिट कर कार्यों की सघन मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने पोषण ट्रैकर ऐप में आंगनबाड़ी कार्यकताओं, सहायिकाओं और बच्चों की उपस्थिति की शत प्रतिशत सटीक और त्रुटिरहित एंट्री सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में समय पर नाश्ता और भोजन की समुचित मात्रा में उपलब्धता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

# दो लड़के ई स्कूटी से ले जा रहे थे 56 किलो चांदी की सिल्ली, पुलिस ने धर-दबोचे

**विजय मत,रायपुर।** राजधानी रायपुर में 52 लाख रुपए की चांदी की सिल्ली पकड़ाई है। इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी सवार दो युवक चांदी को बैग में भरकर ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों युवक को चेकिंग में रुकवाया, तो उनके पास से चांदी बरामद हुई। मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है।पुलिस ने अनुसार, इस केस में महाराष्ट्र के सांगली जिले के रहने वाले ओंकार जाधव और सोलापुर जिले के रहने वाले अजय गेदसे को पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि, ये चांदी किसी ज्वेलर्स की

#### रायपुर में पकड़ाई 52 लाख की चांदी, बिल नहीं दिखा पाए युवक



है। इन सिल्लियों को गलाकर गहने बनाने के लिए मंगवाया गया था।

मंगलवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि, दो युवक चांदी की सिल्ली रखे हैं। वो इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी में मेटल पार्क उरला से खमतराई की ओर आ रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए भनपुरी चौक पर नाकेबंदी पॉइंट लगाया। जब स्कूटी सवार वहां पर पहुंचे, तब पुलिस ने गाड़ी रुकवा कर जांच की।आरोपियों के पास रखे बैग में पुलिस को 115 नग चांदी की सिल्ली मिली। पुलिस के मुताबिक, 56 किलो 300 ग्राम चांदी की कीमत 52 लाख रुपए है। पुलिस ने जब दोनों युवकों से बिल मांगा तो उनके पास बिल नहीं था।

पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक स्कूटर समेत चांदी की सिल्ली को जब्त कर लिया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि, दोनों युवक से पूछताछ की जा रही है।

# निगम जोन 7 जल विभाग ने बजरंग नगर में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन को तत्काल सुधारा

**विजय मत,रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 7 के अंतर्गत शहीद चूड़ामणि वार्ड के तहत बजरंग नगर क्षेत्र में पाईप लाईन के अचानक क्षतिग्रस्त होने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, जल कार्य विभाग अध्यक्ष श्री संतोष सीमा साहू, जोन 7 जोन अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा दिए गए निदेर्शानुसार जोन 7 जोन कमिश्नर श्री रमाकांत साहू और कार्यपालन अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे के मार्ग निर्देशन में बजरंग नगर क्षेत्र के सम्बंधित स्थल पर नगर निगम जोन 7 जल



विभाग की टीम ने तत्काल पहुंचकर क्षतिग्रस्त पाईप लाईन में आवश्यक सुधार और मरम्मत का कार्य किया और पेयजल आपूर्ति लाईन को प्रारम्भ किया. सुधार और मरम्मत के आवश्यक कार्य के तत्काल पश्चात पाईप लाईन के माध्यम से वार्डवासी नागरिकों को पेयजल आपूर्ति का कार्य जारी है।

**दर्दनाक:** एक पिकअप गाड़ी में सवार होकर निकले थे 22 लोग, गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा ड्राइवर

# नहर में गिरी थी पिकअप, सभी पांच लोगों के शव बरामद

**विजय मत,ब्यूरो कोरबा।** सक्ती जिले के गांव रेड़ा में रहने वाले कंवर परिवार के साथ गांव के लगभग 22 लोग रविवार को पिकअप पर सवार होकर कोरबा जिले के करहरी गांव आ रहे थे। इसी दौरान पिकअप नहर में पलट गई और अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में मारे गए पांचों लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं।सबसे अंत में 70 वर्ष को वृद्ध महिला का शव मंगलवार की दोपहर को बरामद किया गया।

बताते चलें कि, नहर में बहने के बाद 5 लोग लापता हो गए थे। खोजबीन में सभी के शव घटनास्थल से 10, 12 और 15 किलोमीटर दूर नगरदा और आसपास मिले हैं। सभी नहर के तेज बहाव में बहकर दूर चले गए थे। एक ही गांव में पांच लोगों की मौत हुई है. जिसमें



बच्चे भी शामिल हैं। इस हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है। पुलिस ने सभी के शवों को वैधानिक कार्रवाई कर परिवार को सौंपा है।

जानकारी के मुताबिक, पिकअप सवार सभी लोग छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोरबा जिले के विकासखंड करतला अंतर्गत गांव मड़वारानी के पास स्थित करहरी जा रहे थे। पिकअप में सबसे अधिक महिलाएं और बच्चे थे। इस बीच सुबह लगभग 11 बजे उरगा थाना क्षेत्र में ग्राम मुकुंदपुर के पास पिकअप बेकाबू होकर पानी से लबालब भरे नहर में गिर गई थी।

पिकअप के नहर में गिरने के बाद जान बचाने के लिए लोग जोर-जोर से चिल्लाने लगे। इस वक्त मंजर इतना भयावह था कि एक-दूसरे के सामने ही लोग नहर की तेज धारा में बहते चले गए, जिन्हें तैरना आता था उन्होंने अपनी जान बचा ली, लेकिन जो तैरना नहीं जानते थे; वह सभी नहर के तेज बहाव में बह गए।

#### इनकी हुई मौत:

मृतकों में इसमें 70 साल की मानवती, जामबाई और 60 वर्षीय इतवार बाई के अलावा 7 साल की तान्या और दो साल का नमन कंवर शामिल है। खबर है कि, हादसे के वक्त जब गाड़ी बेकाबू होकर नहर में गिरने लगी, तब चालक पिकअप से कूदकर भाग गया था।

[illegible]

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमां पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तम्भ चौक, रायपुर (छग) से मुद्रित एवं डी-17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर, गुढियारी, रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला। प्रधान संपादक- विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो.-8889977997